

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार , 21 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 337, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में एसपी को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी के एसपी से पूछा है कि वो ये बताएं कि क्या लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले के आरोपित आशीष मिश्रा ने गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने लखीमपुर खीरी के एसपी को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान आशीष मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने पीड़ित पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि याचिका केवल पब्लिसिटी के लिए दायर की गई है। उन्होंने कहा कि जिस दिन के आरोप लगाए गए हैं उस दिन आशीष मिश्रा लोकसभा सचिवालय में थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष ऐसे आरोप लगाने का आदि हो गया है तब पीड़ित पक्ष की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि गवाह का नाम सार्वजनिक होने की वजह से नहीं बताया जा रहा है। प्रशांत भूषण ने कहा कि वो गवाह की उस ऑडियो रिकार्डिंग को कोर्ट के सामने रखेंगे जिसमें उसे गवाही नहीं देने पर लालच देने की बात कही गई है। आशीष मिश्रा पर पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आशीष गवाहों को धमका रहा है। कोर्ट ने 27 नवंबर 2024 को आशीष मिश्रा को उस पर लगे आरोप को लेकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई 2024 को आशीष मिश्रा को सशर्त जमानत दी थी।

# वैश्विक स्तर पर ब्रांड यूपी को और सशक्त करेगा 'महाकुंभ'

## योगी की पसंदीदा योजना ओडीओपी के स्टाल बने आकर्षण का केंद्र, बाकी राज्यों की विविधताओं के जानने का भी बना बड़ा प्लेटफॉर्म

**लखनऊ**

प्रयाग में करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले महाकुंभ से ब्रांड यूपी देश और दुनिया में और सशक्त होगा। यही वजह है कि देश की हर नामचीन कंपनी महाकुंभ में किसी न किसी रूप में खुद की ब्रांडिंग कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये कंपनियां मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही हैं। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, ब्रांड इंडिया को भी वैश्विक स्तर पर और मुकम्मल पहचान देगा। भारत और स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार मिलने का मतलब मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल की ओर एक और मजबूत कदम होगा। उल्लेखनीय है कि विविधताओं से भरपूर उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया में ब्रांड बनाने को लेकर योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी मकसद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सरकार ने वर्ष 2018 में प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला, एक उत्पाद योजना/ वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) लागू की। आज यह सरकार की सबसे सफलतम योजनाओं में से एक है। इस योजना के जरिए हर जिले के कुछ खास उत्पादों के देश और दुनिया में नई पहचान मिली है। सरकार की मदद और ब्रांडिंग से इनसे जुड़े हजारों हस्तशिल्पियों और उनके परिवारों का जीवन बदला है। सरकार के इन्हीं प्रयासों के नाते सिद्धार्थनगर का कालानमक चावल, गोरखपुर के टेराकोटा उत्पाद, कुशीनगर का केला और उससे बने उत्पाद, मुजफ्फरनगर के गुड़ और उससे बनने वाले अन्य उत्पादों का क्रेज तेजी से बढ़ा है।

ये तो प्रतीक के तौर पर चंद उदाहरण हैं। हर जिले की ओडीओपी का क्रेज इस योजना के बाद बढ़ा। साथ ही देश व दुनिया में इनकी मांग भी। इसी सफलता के नाते योगी सरकार ने इस योजना को विस्तार दिया। संबंधित जिले के कुछ और खास उत्पादों को भी इसमें शामिल किया गया। सरकार अगले चरण में इसमें कुछ और सुधार करने जा रही है।





### महाकुंभ के दौरान लगभग 35 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद

एमएसएमई विभाग के अनुसार कुल मिलाकर महाकुंभ के दौरान लगभग 35 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद है। चूंकि इनसे जुड़े अधिकांश लोग हस्तशिल्प से जुड़े हैं। इसलिए लाभ का अधिकांश हिस्सा भी इनके ही पास जाएगा। इसके अलावा उत्पाद को विस्तार मिलने के साथ इसकी ब्रांडिंग और मांग बढ़ेगी। इसका इनसे जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को दीर्घकालिक लाभ होगा।



**राज्यों को भी अपनी विविधता दिखाने का बड़ा प्लेटफॉर्म बना महाकुंभ**

देश के बाकी राज्यों को भी अपनी बहुरंगी विविधता, विरासत, संस्कृति, लोक परंपरा (खान-पान, वेषभूषा आदि) दिखाने के लिए भी महाकुंभ के रूप में बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है।

### वोकल फॉर लोकल को चरितार्थ कर रहा महाकुंभ



**वोकल** फॉर लोकल की पहचान को और मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के हर जिले के कुछ खास उत्पादों को जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) भौगोलिक पहचान दिलवाने की योजना बनाई। आज लगभग हर जिले के किसी एक या एक से अधिक खास उत्पाद को जीआई मिल चुकी है। कुछ और उत्पाद भी पाइप लाइन में हैं। महाकुंभ में करीब 6 हजार वार्गमीटर में एक जिला एक उत्पाद की प्रदर्शनी लगी है। चूंकि एक जिला एक उत्पाद के कई उत्पादों को जियोग्राफिकल इंडिकेशन भी मिला है। इसलिए इसमें विशिष्ट भौगोलिक पहचान वाले ये उत्पाद भी शामिल हैं। मसलन यहां

समग्रता में यूपी की खूबी और जियोग्राफिकल इंडिकेशन वाले उत्पाद लोगों का ध्यान भी आकर्षित कर रहे हैं। मन करे तो काशी की ठंडई लीजिए या लालपेड़ा, सुर्खा अमरूद भी चलेगा।विश्व प्रसिद्ध बनारसी साड़ियों, लकड़ी के खिलौनों, ब्रोकेड मेटल का भी विकल्प है। गोरखपुर के टेराकोटा। मिजार्पुर के पीतल के बर्तन और प्रतापगढ़ के आंवले के ढेर सारे उत्पादों को भी आपका इंतजार है। इन सबको जीआई मिल चुकी है।






4
1

# सामान्य मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय- सांसद

## सांसद की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी । सांसद पुष्पेन्द्र सरोज जी की अध्यक्षता में** उदयन सभागार में जनपद स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में संयोजक एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा जनपद में विद्युत विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं रिवैम्प्ड, स्मार्ट मीटरिंग एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।

बैठक में सांसद ने कहा कि भविष्य में विद्युत आपूर्ति तथा विद्युत तंत्र से सम्बन्धित कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों को भी संज्ञानित कराते हुए उनके द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को योजना में सम्मिलित किया जाय। उन्होंने जनपद में स्मार्ट मीटर स्थापित करने वाली कार्यदायी संस्था मेसर्स जी०एम०आर० को निर्देशित किया कि जनपद में सामान्य मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही विद्युत बीजक ही उपलब्ध करायें एवं त्रुटिपूर्ण बीजकों को ससमय संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने वाले फोन कॉल को रिसीव करें एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि पुराने मीटरों के ओवर बिलिंग को संशोधित करते हुए उपभोक्ताओं को संतुष्ट करें। सांसद ने कहा जिन स्थानों पर बांस-बल्ली के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा रहीं है, उन्हें चिन्हित करते हुए ए0डी0बी0 द्वारा रिकण्डक्टरिंग योजना के अन्तर्गत कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करायें।

बैठक में अधिशासी अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद स्तर पर समस्त मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य कराया जा रहा है। दिसम्बर 2024 के कुल उपभोक्ताओं 253730 के सापेक्ष 18610 उपभोक्ताओं का मीटर बलकर स्मार्ट मीटरों को प्रतिस्थापित किया जा चुका है। जिसके पूर्ण होने पर शत-प्रतिशत त्रृटिविहीन विद्युत बिल समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल/ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेंगा। उन्होंने बताया कि आम-जनमानस को निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जा रहीं है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी तथा अवर अभियन्ता उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार व अनियंत्रित बाइक चलाने वाले स्टंट बाजों को किया गया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांर्तगत कस्बा प्रेम नगर में एचडी मोटर साइकिल पर सवार बिना हेलमेट पहने 03 लड़को द्वारा लापरवाही पूर्वक व स्टंट बाजी करते हुए तेज गति से गाडी चला रहा रहे थे तथा आम जन मानस को हूँटिंग किया जा रहा था, जो कही पर भी घातक दुर्घटना कारित कर सकते थे, को गिरफ्तार किया गया, वाहन सम्बन्धित कागजात माँगने पर कोई कागजात नही दिखा सके जिस पर एचडी मोटर साइकिल नं0 वढ-73-अइ-9746 को अन्तर्गत 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

## पंपलेट बाटकर वाहन चालकों को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक) के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको को पम्पलेट देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर स्पीड रडार गन मशीन से निर्धारित गति से अधिक तीव्रगति से चलने वाले व उल्टा दिशा में चलने वाले वाहन की सघनता से चेकिंग की गयी तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये । भरी वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप न लगे होने, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहनों शराब पी कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों , बिना पार्किंग के हाईवे पर खड़े वाहनों ,दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार की गयी ।

## आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए एएसपी ने किया आश्वस्त



सबसे **तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।**
**महाकुम्भ-2025** के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई तथा आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

## दो वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार






**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर से सम्बंधित वारंटी अभियुक्त घनश्याम सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी अरबपुर थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
उपनिरीक्षक भारत सिंह चौकी प्रभारी रोडवेज थाना कोतवाली।
इसी प्रकार थाना मलवां पुलिस द्वारा डीपी एक्ट थाना कोतवाली से सम्बंधित वारंटी अभियुक्त ज्ञान सिंह पुत्र रामसुमेर लोधी निवासी ग्राम बुधइयापुर मजरे कोराई थाना मलवां जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# बकाया वसूलने गए बिजली कर्मियों को पीटा वीडियो वायरल

## कनेक्शन काटने पर हुआ बवाल बिजली टीम को दौड़ाया, दो आरोपी गिरफ्तार



**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर! धामपुर में** बिजली विभाग की टीम के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है। बकाया बिल की वसूली के लिए गई टीम के साथ कुछ लोगों ने न केवल बदसलूकी की बल्कि उन्हें दौड़ा भी दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के गांव बुहरहानगर मैं विद्युत विभाग एक मुश्त समाधान योजना के तहत बकाया बिल वसूली अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में जब टीम गांव बनावली में पहुंची और बड़े बकायेदार का कनेक्शन काटा, तो उपभोक्ता भड़क गया।जेई अक्षय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कल्याण सिंह और उनके बेटे मनोज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग का चालान किया गया है। दोनों आरोपी बनावली गांव के रहने वाले हैं। इस घटना से विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विभाग द्वारा चलाई जा रही बकाया वसूली योजना के दौरान कर्मचारियों को इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 1 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग मो० फैजान पुत्र इदरीश निवासी अंदौली थाना राधानगर जनपद फतेहपुर को 01 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।
**गिरफ्तार करने वाली टीम**
प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली नगर. उ०नि० अनुज यादव।

## फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरुकता

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। सोमवार को** थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा यूनियन इण्टर कॉलेज में उ0प्र0 पुलिस के अभियान ह्लडिजिटल वॉरियरह्व के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का "डिजिटल वॉरियर" बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। छात्रों को साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज को रिपोर्ट करने, सामाजिक दायरे में फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रामनगर मय टीम मौजूद रहे।



## पति पत्नी का विवाद पुलिस ने सुलझाया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । पुलिस अ**धीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव , हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल,महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल नीतू यादव व महिला कांस्टेबल कमला यादव के माध्यम से काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से *सुलह समझौता* कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे ।परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें।



## वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर थाना कौशांबी पुलिस ने** चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।
थाना कौशाम्बी पुलिस उ०नि० चन्द्रमौल शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त पुटूरी पुत्र जगन नि० ग्राम सिंघवल थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।




## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 170 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना कड़ाधाम से 01, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01) कुल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## डीएम एसपी द्वारा तहसील हाटा पर आयोजित "सम्पूर्ण समाधान दिवस" पर सुनी गयी जनता की फरियाद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर। जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कु**मार मिश्रा द्वारा आज दिनांक 20.01.2025 को तहसील हाटा पर आयोजित "सम्पूर्ण समाधान दिवस" पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस ने पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को सोमवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त महफूज आलम पुत्र मो0 हारून निवासी वसीनगर कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

### जातिगत भेदभाव और अनुचित ट्रांसफर का आरोप, सीएमओ को भेजा ज्ञापन



सबसे तेज प्रयागराज
**बिजनौर! स्योहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में आज एएनएम संघ और अन्य कर्म**चारियों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि सीएचओ द्वारा उन पर बिना किसी आधार के आरोप लगाए जा रहे हैं और जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को एक ज्ञापन सौंपा। एएनएम संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मामले में पहले भी कई बार मौखिक शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने विशेष रूप से बीपीएम के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया, जिन्हें सीएचओ की शिकायत पर नूरपुर स्थानांतरित कर दिया गया। कर्मचारी संगठनों ने इस स्थानांतरण को अनुचित बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उनकी मांग है कि बीपीएम के स्थानांतरण पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। *सीएचओ ने बताया सभी आरोप निराधार हैं। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

## लाखों रुपए की स्मैक के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**झूंसी प्रयागराज।** डीसीपी गंगानगर के निर्देश पर सराय इनायत पुलिस क्षेत्र में स्मैक की सप्लाई करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लाखों की स्मैक बरामद करते हुए विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष सराय इनायत संजय गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मदद पदार्थ की बिक्री के रोकथाम के लिए चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोसिम पुत्र मोमिन निवासी ग्राम बमरौली उपरहार थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत मुन्तजीपुर बाग के पास 10 .04 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया ।



**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**
उ0नि0 कमरुद्दीन. उ0नि0 सूर्य प्रकाश सिंह, उ0नि0 संजीव कुमार, उ0नि0 राधेकृष्ण पाण्डेय, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## समाधान दिवस तहसील बिंदकी में डीएम एसपी ने सुनी फरियाद


**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। सोमवार** को तहसील बिंदकी फतेहपुर में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा जनसमस्याओं को सुनकर तथा प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों /कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है।



## अनुसूचित बस्तियों में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने जाकर संविधान और बाबा साहब के बारे में जानकारी दी

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।**
**विधानसभा** मंझनपुर के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में संविधान गौरव अभियान के निमित्त दलित बस्तियों में जाकर जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही देश की एक ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब का असली सम्मान किया है कांग्रेस पार्टी समय समय पर बाबा साहब का अपमान करती रही है

समाजवादी पार्टी व कांग्रेस हार की वजह से बरगला गई है जो अनर्गल बयानबाजी करती रहती है देश की जनता जान चुकी है कि बाबा साहब का और संविधान का किसी ने सम्मान किया है तो वो है भारतीय जनता पार्टी बस और ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# राज्यपाल ने मुविवि के कुम्भ अध्ययन कोर्स की सराहना की

## कुलपति ने भेंट की पाठ्य सामग्री



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराजः उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने महा**कुंभ के महत्व और भव्यता से जनमानस को जागरूक करने के लिए कुम्भ अध्ययन पर 6 माह का प्रमाण पत्र कार्यक्रम तैयार किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने आज महाकुंभ नगर में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल को कुम्भ अध्ययन से संबंधित नए प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ करने के बारे में बताया और इससे सम्बन्धित पाठ्य सामग्री भेंट की।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि राज्यपाल श्रीमती पटेल ने मुक्त विश्वविद्यालय को निर्देशित किया था कि महाकुम्भ जैसे पुनीत अवसर पर वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ के बारे में जानकारी प्रदान करे। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राज्यपाल श्रीमती पटेल के मार्गदर्शन में इस कोर्स का निर्माण विद्वान लेखक मंडल द्वारा मात्र डेढ़ महीने में किया गया और पाठ्य सामग्री तैयार होते ही जनवरी 2025 में यह कार्यक्रम लॉन्च कर दिया गया। जिसका लाभ महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को मिलेगा। विश्वविद्यालय ने इससे संबंधित पाठ्य सामग्री ऑनलाइन कर दी है। इस छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स का लाभ देश भर में लोग उठा सकते हैं। महाकुंभ पर प्रारम्भ किया गया यह कोर्स भारत की आध्यात्मिक धरोहर को गहराई से जानने में मदद करेगा। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इस कोर्स का उद्देश्य नई पीढ़ी को कुम्भ की महत्ता के बारे में जागरूक करना है। महाकुंभ 2025 के इस सर्टिफिकेट कोर्स में साधु-संतों के पारंपरिक शाही स्नान से जुड़ी जानकारी शामिल की गयी है। इसके अलावा महाकुंभ के दौरान आयोजित होने वाले उत्सवों और उनकी विशेषताओं को भी शामिल किया गया है। कोर्स में महाकुंभ के इतिहास का बखूबी वर्णन किया गया है। युवा पीढ़ी इस कोर्स में कुम्भ और कल्पवास के फायदे और महत्व के बारे में भी अध्ययन कर सकेगी। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के इस एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय ने 2019 में कुंभ पर जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू किया था। इसमें कुम्भ की विशेषताओं के साथ-साथ योग के विषय को भी शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इस कोर्स की लांचिंग के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विजिट करने वालों की संख्या हजारों में पहुंच गई है। कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र में प्रवेश लेने वालों की रुचि को देखते हुए कुलपति ने आईसीटी सेल को वेबसाइट की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

## नगर विकास मंत्री ने अफसरों के साथ ली बैठक, दिए निर्देश





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ मेला** के आईसीसीसी सभागार में नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रमुख सचिव नगर विकास, डीजी फायर सर्विस, एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज तरुण गाबा, आईजी रेंज प्रयागराज, मंडलायुक्त प्रयागराज, पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ वैभव कृष्ण, मेलाधिकारी प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार तथा अन्य सम्बंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान महाकुम्भ मेले के ट्रैफिक प्लान एवं पार्किंग स्थलों पर महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए कहा गया कि आगामी महत्वपूर्ण शाही स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालु स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी अस्थायी बस स्टेशन पर पार्किंग स्थलों की महत्वपूर्ण भूमिका है । कुम्भ मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के मार्गो की व्यवस्था के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गयी। बताया गया कि सभी रेलवे स्टेशन एवं सभी बस स्टेशनो से स्नानार्थी सुगमता से मेला क्षेत्र में आये, इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उन्हें यह जानकारी दी जाए कि स्टेशन से निकलने के बाद सबसे नजदीकी मार्ग से स्नान हेतु कुम्भ मेले में प्रवेश करना तथा स्नान बाद किस मार्ग से वापस रेलवे और बस स्टेशन पर जाना है इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके बाद कुम्भ मेले में बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, इत्यादि के सम्बंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कुम्भ क्षेत्र में कही भी आग न लगने पाए, अगर इस प्रकार की घटना होती भी है तो अग्निशमन विभाग के साथ-साथ अन्य सभी सम्बंधित टीमें तत्काल पहुँच कर नियंत्रण करे।इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजय पाल शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ, एसपी जीआरपी तथा अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे

## औद्योगिक क्षेत्र थाना और एसओजी टीम ने दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। औद्यो**गिक क्षेत्र व एसओजी यमुनानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 2 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए गए।अभियुक्तगणों के कब्जे से 11 बोरी में चोरी की पीसीबी, स्क्रैप वजन लगभग 280 कि0ग्रा0 व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो नं0 यूपी 32 बी क्यू 3888 बरामद की गई।

पुलिस टीम द्वारा वांक्षित अभियुक्तों में दीपक बिन्द उर्फ प्रधान पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम बेलवट थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज उम्र करीब 27 वर्ष, मो0 अशफाक उर्फ अज्जु पुत्र सैय्यद हसन निवासी दरियाबाद थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर आईटीआई कम्पनी के वहद ग्राम सड़वा से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तगणों के कब्जे से आईटीआई कम्पनी से चोरी गये पीसीबी और स्क्रैप वजन लगभग 280 कि0ग्रा0 व घटना में प्रयुक्त महेन्द्रा स्कार्पियों वाहन नंबर यूपी 32 बी क्यू 3888 को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। वाहन महेन्द्रा स्कार्पियो के कागजात पेश नहीं करने पर धारा 207 एमवीएक्ट की कार्यवाही अलग से की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि 18 जनवरी को आवेदक राजेश प्रसाद राय पुत्र स्व0 रमाशंकर निवासी सी 61 आफिसर्स कालोनी आईटीआई नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज द्वारा तहरीर दी गयी कि रात के समय लगभग 1 बजे आईटीआई के परिसर से कुछ पीसीबी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसके आधार पर मु0अ0सं0 09/2025 धारा 305(1)/331(4) इठर बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत हुआ था। माल मुल्जिम की बरामदगी के प्रयास के क्रम में सोमवार को थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज व एसओजी यमुनानगर प्रयागराज संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण दीपक बिन्द उर्फ प्रधान पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम बेलवट थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज उम्र करीब 27 वर्ष, मो0 अशफाक उर्फ अज्जु पुत्र सैय्यद हसन निवासी दरियाबाद थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से चोरी गये पीसीबी, स्क्रैप वजन लगभग 280 कि0ग्रा0 व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा स्कार्पियों वाहन बरामद कर आईटीआई कम्पनी के पास वहद ग्राम सड़वा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गि?फ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जो जनपद एवं वाह्य जनपदों में घटनाए किया करते है। इनके विरुद्ध जनपद एवं वाह्य जनपद के विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अनुज राय थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, उ0नि0 हरिओम सिंह थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, उ0नि0 अफजल सिद्दीकी थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, उ0नि0 अमित कुमार गुप्ता थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, कांस्टेबल अजीत कुमार प्रजापति थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज के अलावा एसओजी यमुनानगर पुलिस से उ0नि0 नवीन कुमार सिंह प्रभारी यमुनानगर प्रयागराज,हे0का0 फिरोज खान यमुनानगर प्रयागराज, हे0का0 चालक दिनेश सिंह यमुनानगर प्रयागराज, कांस्टेबल रंजीत यादव यमुनानगर प्रयागराज, कांस्टेबल आकाशदीप सिंह, यमुनानगर प्रयागराज,जसवीर सिंह यमुनानगर प्रयागराज,सिद्धेश्वर पाण्डेय यमुनानगर प्रयागराज, मनोज कुमार यमुनानगर प्रयागराज शामिल रहे।

## गोड़ी गांव के ग्रामीणों के रवैए से बसनिया-रेवसड़ा मार्ग खस्ताहाल

**भांवरकोल/ गाजीपुर। क्षेत्र** के गोड़ी गांव के ग्रामीण बसनिया-रेवसड़ा मार्ग पर सड़क को अवैध अतिक्रमण करके अपने घर का गंदा पानी बहा रहे हैं। जिसके चलते दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन की दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। गोड़ी गांव के पास लगभग 900 मीटर का मार्ग दर्जनों गांव लगभग 10 हजार की आबादी का परेशानी का शबब बनता जा रहा है। खैराबारी, खरडीहा, भुसहुला, श्रीपुर, मुड़ेरा बुजुर्ग, सुकडेहरी, नवापुरा, चरखा, शाहपुर, मड़ई, बसनिया अन्य गांवों के लोगों को जब भी तहसील मुख्यालय मुहम्मदाबाद व जनपद गाजीपुर, युसुफपुर रेलवे स्टेशन, जाना पड़ता है तो सबसे बड़ी चुनौती गोड़ी गांव के ग्रामीणों द्वारा मार्ग को अवैध अतिक्रमण करके आवागमन सबसे बड़ी चुनौती का कार्य होता है। हालत यह है कि दो पहिया वाहन चालक के दिन फिसल कर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल होते रहते हैं। करईल इलाके के सूदूर गांवों को जोड़ने के लिए बस आदि वाहन प्रतिदिन इस गांव से होकर गाजीपुर को जाती है। गोड़ी गांव के ग्रामीण जिनका घर इस मार्ग से सटा हुआ है उन्होंने इस मार्ग की पटरियों पर अपना अवैध कब्जा जमाकर अपने घर का पानी मार्ग पर छोड़कर नाला और तालाब बनाने में लगे हुए हैं। इस मार्ग का हालत यह है कि लोग पैदल व साइकिल से भी नहीं जा सकते हैं। गड्ढों और किचड़ में सबकी चाल हिनहिनाने लगती है। इस मार्ग को बार बार मरम्मत किया जाता है। लेकिन मार्ग की पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया जाता है। 10 दिन बाद इस मार्ग की स्थिति फिर तालाब जैसी हो जाती है। हालांकि इस समस्या को लेकर विधायक, सांसद जैसे जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ता है।

## मंदिर व भीड़भाड़ वाले इलाके की महिलाओं को किया गया जागरूक

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । पुलिस** अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम काजू व समसपुर में मे भ्रमणकर,थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमणशील रहकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मंदिर,कड़ाधाम में जाकर तथा थाना महेवाघाट, थाना कौशाम्बी व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील



रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया ।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा *सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## एसीपी सोरांव ने किया अस्थाई थाना मलाक हरहर यातायात व्यवस्था का जायजा

### माघ मेला के लिए मालक हर हर चौराहे पर रूट डायवर्जन हेतु बना है अस्थाई थाना, पुलिस फोर्स मुस्तैद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज। महाकुंभ** मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मलाक हरहर तिराहे पर अस्थाई थाना बनाया गया है। थाने पर प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की तैनाती की गई है। कुंभ मेला के दौरान थाना पूरी तरह सक्रियता से साथ चल रहा है। थाने पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किए हैं। साथ ही एक एसीपी की भी तैनाती की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक अस्थाई थाना मलाक हरहर में बनाया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के एंट्री पॉइंट के मद्देनजर व सुरक्षा दृष्टिगत के नजर से भी बनाया गया है । सोमवार को एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव व एसीपी सेक्टर 9 प्रभारी बलराम व थाना प्रभारी सतीश कुमार मयफोर्स के साथ ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियो के साथ मौनी अमावस्या के दृष्टिगत रूट यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## कौशांबी: 39 शिकायतें आईं , तीन का हुआ समाधान





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन** किया गया। डीएम मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता लल्लू जायसवाल निवासी ग्राम-अमरूपुर जाफरपुर महावा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि सन्-1976 में पट्टा आवंटित हुआ था, जिसके कागजात अभी तक नहीं प्राप्त हुए है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

तहसील सिराथू में एएसपी राजेश कुमार सिंह के मौजूदगी में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाशमणि एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## इफको फूलपुर जनसंपर्क विभाग को मिला एवॉर्ड

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर। इफ**को फूलपुर के जनसंपर्क विभाग के क्रिया कलापों से खुश होकर सोमवार को घियानगर फूलपुर इकाई को ग्रीनटेक फाउंडेशन की तरफ से ग्रीनटेक कॉरपोरेट कॉमुनिकेशन एंड पब्लिक रिलेशन अवार्ड 2024 दिया गया। यह पुरस्कार जन संचार में सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने बताया कि यह पुरस्कार जनसम्पर्क अनुभाग द्वारा गत वर्ष किये गये सामाजिक कार्यो का प्रतिफल है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश को बधाई देते हुए बताया कि गत वर्ष जनसम्पर्क अनुभाग द्वारा नमो किसान, ड्रोन दीदी वितरण, नैनो उर्वरक की जागरूकता तथा ड्रोन प्रशिक्षण हेतु विभिन्न स्थानों पर कोर्डेट की सहायता से किसानों के लिए शिविर आयोजन, विश्व पृथ्वी दिवस पर सेमिनार का आयोजन, पर्यटन दिवस पर सहभागिता के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर होर्डिंग के माध्यम से नैनो उर्वरक के महत्व का प्रचार प्रसार, किसानों को नैनो उर्वरक किट का वितरण आदि प्रमुख कार्य सराहनीय रहे है। इकाई प्रमुख ने सभी की सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

## कंपोजिट विद्यालय हंसराज पुर की शिक्षिका को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**अजय कुमार**

**होलागढ़ (प्रयागराज)** । विकासखंड होलागढ़ क्षेत्र के हंसराज पुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में तैनात डॉ0 वंदना शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद होलागढ़ के शिक्षकों द्वारा बधाई संदेश देने वालों का लगा तांता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ होलागढ़ के अध्यक्ष राकेश मिश्र नगरहा ने बताया कि लखनऊ में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश रजत जयंती पुरस्कार समारोह का कार्यक्रम रविवार को किया गया था । लखनऊ विश्वविद्यालय मालवीय नगर सभागार में साहित्य गौरव सम्मान से हमारे विद्यालय की शिक्षिका डॉ0 वंदना शुक्ला को सम्मानित किया गया। सम्मान की सूचना मिलने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ होलागढ़ के अध्यक्ष राकेश मिश्र नगरहा, सुनील शुक्ला, अंजू रेणू, हरीलाल, शालिनी, प्रतिभा, प्रदीप कुमार, हरिश्चंद्र यादव, राकेश तिवारी,अशोक शुक्ला, रंजीत पटेल एवं दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने दी बधाई ।



## स्वामी शंकर आश्रम के शिविर में चल रहा विशाल भण्डारा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर के हरिश्चंद्र मार्ग पर अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद** के राष्ट्रीय महामंत्री पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज का शिविर लगा है। शिविर में माघी पूर्णिमा तक विशाल भण्डारा चलता रहेगा। पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज ने बताया कि शिविर में सुबह जलपान, दोपहर में खिचड़ी और शाम चार बजे विशाल भण्डारा चल रहा है। पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज ने बताया कि शिविर में 23 जनवरी तक आचार्य कृष्णनंद शास्त्री की श्रीमद्भागवद कथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। पीठाधीश्वर स्वामी शंकराश्रम महराज की भागवद कथा 24 जनवरी से शुरू होकर एक फरवरी तक चलेगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि इस बार का महाकुंभ 144 वर्ष के बाद विशिष्ट योग में है ऐसे में संगम की रेती पर कल्पवास करते हुए श्रीराम कथा और श्रीमद्भागवद कथा सुनने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

## नवाबगंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज नवाबगं**ज। सोमवार को नवाबगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना नवाबगंज के आनापुर चौकी प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त हरीलाल पुत्र जवाहर निवासी सरायपदमावत थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत उनके निवास ग्राम सरायपदमावत के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।



गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

ब्रजेश कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी आनापुर. उ0नि0 कुवर गौरव सिंह. का0 जय प्रकाश यादव, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## खनऊ राजमार्ग पर घंटो जाम के झाम मे जूझते रहे वाहन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज**





**प्रयागराज** । स्थानीय कस्बे मे स्थित लखनऊ राजमार्ग पर लंबा जाम लगने से घंटो वाहनो के चक्के थमे रहे कुछ देर बाद पहुची पुलिस ने जद्दो जहद के बाद राजमार्ग को जाम से बहाल कराया सोमवार को लखनऊ राजमार्ग पर इब्राहिमपुर से कठौवापुल तक ओवरलोड़ ट्रक खड़ी हो गई थी ट्रको के अवैध पार्किंग की वजह से धीरे धीरे वाहनो की लंबी कतार लग गई कुछ ही देर मे जाम ने विकराल रूप धारण कर लिया जाम से करीब घंटे भर तक वाहनो का पहिया थम गया था कुछ देर बाद पहुची स्थानीय पुलिस ने आवागमन को बहाल कराया ।

## सर्दियों में खाएंगे तिल और गुड़ से बनी ये पौष्टिक चीज तो तड़के पेट होगा पूरा साफ, टनाटन रहेगा हार्ट, शरीर को मिलेगी भरपूर गर्मी



**तिल की तासीर गर्म होती है. ऐसे में तिलकुट खाने से शरीर अंदर से गर्म रहता है. तिलकुट में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं. जनिए तिलकुट खाने के फायदों (tilkut ke fayde) के बारे में.**

सर्दियों के मौसम में तिल से बनी चीजों का सेवन लोग खूब करते हैं. सफेद और काले तिल के लड्डू, चिक्की, तिल गुड़ वाली पट्टी का स्वाद हर किसी को भाता है. इसी तरह तिल से बनी तिलकुट न सिर्फ स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है. तिल की तासीर गर्म होती है. ऐसे में तिलकुट (Tilkut) खाने से आपको एनर्जी मिलने के साथ ही शरीर अंदर से गर्म भी रहता है. तिलकुट में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, एंटीऑक्सीडेंट आदि पोषक तत्व होते हैं. तिलकुट चीनी और गुड़ दोनों से ही बनाई जाती है. तो चलिए जानते हैं तिलकुट खाने के फायदों (tilkut ke fayde) के बारे में.

सर्दियों में तिलकुट खाने के फायदे

ङ्क चूंकि, तिलकुट को बनाने के लिए तिल, गुड़ का इस्तेमाल होता है, ऐसे में इसे खाने से आपको कैल्शियम मिलता है. इससे हड्डियों को मजबूती मिलती है.

ङ्क तिल में मौजूद कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्ट्रेस दूर कर सकते हैं. आप मेंटली फिट रहने के लिए भी गुड़ और तिल से बनी तिलकुट खा सकते हैं.ङ्क इसमें एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है. यदि आप सर्दियों में स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आप गुड़ से बनी तिलकुट का सेवन करें. चीनी की तुलना में गुड़ अधिक फायदेमंद है.तिल में फाइबर होता है. ऐसे में तिल से बनी तिलकुट खाएं या कोई अन्य चीजें, इससे पाचन तंत्र सही रहता है. कब्ज की समस्या नहीं होती है.

-बालों और त्वचा के लिए भी तिलकुट बहुत हेल्दी है. शरीर को गर्माहट प्रदान करती है तिलकुट. स्किन पर ग्लो आता है. बालों की समस्याएं दूर होती हैं.

ङ्क तिलकुट खाने से शरीर को भरपूर एनर्जी भी मिलती है. गर्मी बनी रहती है. इसके सेवन से हार्ट हेल्थ भी सही रहता है. चूंकि, इसमें पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है. कोलेस्ट्रॉल लेवल नॉर्मल रहता है.

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं।

निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवाई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है। हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवाई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है। युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते हुए दोनों ही देशों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन में भी युद्ध-विराम की अपेक्षा है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। जब तक रूस के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

## संपादकीय

# शांति के लिये समझौता

यह सुखद ही कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे कुछ राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी। हालांकि, अक्तूबर, तेईस में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

दरअसल, हालिया समझौते में इस्राइली सेना की गाजा से वापसी, चरणबद्ध तरीके से इस्राइली बंधकों व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और गाजा में पुनर्निर्माण पर सहमति बनी है। इसके साथ ही गाजा के विस्थापितों को वापस लौटने की अनुमति भी दी जाएगी। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा,लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय दावा कर रहा है कि इस्राइली हमलों में अब तक पचास हजार लोग मारे गए हैं।

संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवाई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते के क्रियान्वयन की निगरानी की जाए।

ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। बहरहाल,युद्ध की त्रासदी व मौसम की मार झेल रहे फलस्तीनियों को को कुछ राहत जरूर मिलेगी।

# न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

**याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है।**

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक फ्रीबीज की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को रिश्वत नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुनः आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें।

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी तलाक ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार गला मरोड़ने में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है। इसे भी पढ़ें- आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी, सोचा हम ही आपको उनके काम बता देंशायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है?





देखा जाए तो कबीलाई युग से लोकतांत्रिक सरकार तक मनुष्य की पहली जरूरत शांति और सुरक्षा है, ताकि वह मेहनत करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर सके और इस देश-दुनिया को बेहतर बनाने में अपने हिस्से का योगदान दे सके। हालांकि, ऐसे सुशासन की गारंटी न तो तब मिली थी और न अब मिली हुई है। शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है।

याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी राजनीतिक दल जूटे हुए हैं।

अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी %सम्पूर्ण क्रांति की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी अन्ना हजारे क्रांति की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर दी, उससे दोनों पार्टियों ने शुरुआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में सफलता पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की साक्षी है।

यही वजह है कि भाजपा नीत एनडीए, आप नीत संभावित तीसरा मोर्चा और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में एक-दूसरे को मात देने के लिए अपने-अपने फ्रीबीज के सियासी घोड़े खोल रखे हैं। वह भी तब, जब करदाताओं की ओर से इसकी खुलेआम आलोचना हो रही है। वहीं, आपने देखा-सुना होगा कि केंद्र सरकार की अटपटी नीतियों पर सर्वोच्च न्यायालय तक ने टिप्पणी की, कि आखिर 80 करोड़ लोगों को आप कबतक मुफ्त या फिर कम कीमत पर अनाज देंगे। ऐसे में उन्हें आप रोजगार क्यों नहीं दे देते! कोर्ट की यह टिप्पणी जायज है और प्रशासन यदि चाहे तो उसके लिए यह मुश्किल भी नहीं है।वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है, यह नीति एक नए आर्थिक और अर्थव्यवस्था के संकट को जन्म दे सकती है। इसलिए इसको हतोत्साहित करने के लिए मतदाताओं को ही आगे आना होगा, अन्यथा यह नीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक कैंसर साबित होंगे। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये भी तो इसी बात की चुगली करते हैं।

आपने देखा-सुना होगा कि सरकार ने उद्योगपतियों के इतने के कर्जे माफ कर दिए, या फिर इतनी की सब्सिडी इन-इन धंधों/पेशों में दी जा रहीं हैं। इसी तरह से सरकार ने किसानों के इतने के कर्जे माफ कर दिए और इन-इन चीजों पर इतनी सब्सिडी दे रही है। इसी तरह से समाज के विभिन्न वर्गों को भी लुभाने के लिए सरकार कुछ न कुछ देकर दानी-दाता बनी हुई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार सबको सुशासन क्यों नहीं दे रही है? सड़कों पर इंसान सुरक्षित क्यों नहीं है? चाहे खेती हो या कारोबार, चोरी और लूट की बढ़ती फितरत से उद्यमी व मेहनतकश वर्ग परेशान है। वहीं, डिजिटल धोखाधड़ी और प्रशासनिक तिकड़मों का तो कहना ही क्या है? बेहतर पुलिसिंग आज भी यक्ष प्रश्न है।वहीं, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधनों पर सरकार और उसके पूंजीपति मित्रों का बढ़ता कब्जा, भूमि और मौद्रिक संसाधनों के असमान बंटवारे की नीति, समान मताधिकार से इतर विभिन्न कानूनी असमानताएं समाज और व्यवस्था को निरंतर खोखला करती जा रही हैं। इससे पूंजीपतियों की जमात, उनके शागिर्द, प्रशासनिक हुक्मरान और उसकी पूरी चेन, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फौज और उनके करीबी लोग तो हर तरीके से मस्त हैं, लेकिन आमलोगों की फटेहाली पर तरस खाना स्वभाविक है। जिनके पास कुछ पूंजी-पगहा, मकान-दुकान या खेती योग्य जमीन या फिर छोटी-मोटी निजी या सरकारी नौकरी है, वह तो किसी तरह गुजर-बसर कर लेते हैं, लेकिन जो न शिक्षित हैं, न संसाधनों से लैस, उनकी बेचारगी देखते ही बनती है।ऐसे में सबको समान शिक्षा और योग्यता के मुताबिक रोजगार देने की सरकारी नीति आखिर कब आकार लेगी, ज्वलंत प्रश्न है। वहीं, न तो सबके लिए जनस्वास्थ्य सुनिश्चित है और न ही सुविधाजनक परिवहन। गरीबी हटाओ और रोटी-कपड़ा-मकान का नारा भी टांय-टांय फिस्स हो चुका है। सबको शिक्षा-स्वास्थ्य-सम्मान की सामाजिक न्याय वाली बात भी पूंजीपतियों के एजेंडे की दासी बन चुकी है।यह सब इसलिए कि भले ही सरकार अपने नागरिकों के लिए विभिन्न राष्ट्रीय समानताओं की बात करती है, लेकिन असमान कानूनों को गढ़कर वह ही सबसे ज्यादा सामाजिक विभेद भी पैदा कर रही है।सवाल है कि उसका लोकतंत्र आखिर पूंजीपतियों का संरक्षक क्यों बना बैठा है। क्या फ्रीबीज का लॉलीपॉप थमाकर पूंजीपति सभी राष्ट्रीय संसाधनों पर काबिज हो जाएंगे, फिर उसके बाद लोगों को बाबाजी का ठुल्लू थमा देंगे, यही उनकी योजना है। यदि यही न्यू वर्ल्ड आर्डर है या फिर ग्लोबल पैटर्न तो फिर समाज के प्रबुद्ध वर्ग को सावधान हो जाना चाहिए। क्योंकि दलितों और पिछड़ों के लोकलुभावन वोटिंग पैटर्न के चक्कर में सबसे ज्यादा समाज का माध्यम वर्ग ही पिसेगा, यही नई त्रासदी है।

# डिजिटल महाकुम्भ-अपनों को परिजनों से मिल रहा खोया-पाया केंद्र

## योगी सरकार का सराहनीय कदम, सेक्टर 4 में 2 बच्चों को परिजनों से मिलाया

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में योगी सरकार द्वारा स्थापित डिजिटल महाकुम्भ खोया-पाया केंद्र ने एक बार फिर अपनी दक्षता और मानवता के प्रति समर्पण को साबित किया है। आधुनिक तकनीक और समर्पित प्रशासनिक प्रयासों के माध्यम से खोए हुए बच्चों और उनके परिवारों का पुनर्मिलन तेजी और सटीकता के साथ किया जा रहा है। हाल ही में सेक्टर 4 के खोया-पाया केंद्र में दो बच्चों का उनके परिजनों के साथ सफलतापूर्वक पुनर्मिलन हुआ।

**दो बच्चों को परिजनों से मिलाया**

7 वर्षीय धरमजीत और 6 वर्षीय विकास कुमार, दोनों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पाया और खोया-पाया केंद्र पहुंचाया। बच्चों की तस्वीरें डिजिटल प्लेटफॉर्म और टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित की गईं, जिससे उनके परिवारों तक जानकारी तेजी से पहुंच सकी।परिवारजन सूचना मिलने पर केंद्र पहुंचे और पहचान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को पुलिस की मौजूदगी में सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। ये दोनों ही घटनाएं 15 जनवरी की हैं। दोनों को ही पुलिस द्वारा झूंसी एरिया से लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर लाया गया। दोनों ने खुद को चैनपुर निवासी बताया।

**योगी सरकार का अभिनव प्रयास**

डिजिटल महाकुम्भ खोया-पाया केंद्र योगी आदित्यनाथ सरकार के कुशल प्रशासन और आधुनिक तकनीक के उपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। पूरे मेला क्षेत्र में कल 10 खोया पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह केंद्र महाकुम्भ जैसे विशाल आयोजन में खोए हुए लोगों, विशेषकर बच्चों, को उनके परिवारों से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।

सरकार ने न केवल खोया-पाया केंद्र को तकनीकी रूप से उन्नत बनाया है, बल्कि इसमें त्वरित प्रक्रिया, मानवीय संवेदनशीलता और पारदर्शिता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु योगी सरकार की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। इस केंद्र ने न केवल परिवारों को राहत दी है, बल्कि उनकी आस्था और सुरक्षा के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया है।

## योगी सरकार द्वारा पहले से की गई तैयारी ने टाला बड़ा हादसा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन को लेकर योगी सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर पहले से ही जो तैयारी की गई थी उस**की मदद से रविवार को बड़ा हादसा टालने में प्रशासन को बड़ी मदद मिली। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गईं थीं उन्होंने अहम रोल निभाया। अग्निशमन विभाग की 45 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 1.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सबसे खास बात ये रही कि सूचना मिलते ही फायर यूनिट्स मात्र 2 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गईं और राहत कार्य शुरू कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**30 लोगों को सुरक्षित निकला गया**

महाकुम्भ मेला के नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। आग ने तेजी से घास-फूस की बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मेला कंट्रोल रूम ने तुरंत आरटी सेट के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली झूसी और अन्य फायर यूनिट्स को सतर्क किया। आग की भयावहता को देखकर पास के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग बुझाने के दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग के जांबाज कर्मियों ने जान की परवाह किए बिना करीब 25-30 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।इसके साथ ही 200-300 अस्थायी पंडालों को पानी की बौछारें मारकर सुरक्षित रखा गया। उपनिदेशक अग्निशमन अमन शर्मा और स्वयं मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बचाव कार्य का नेतृत्व किया।

**131.48 करोड़ के वाहन व उपकरणों को किया गया डिप्लॉय**

महाकुम्भ में लाखों कल्पवासी और करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। लाखों लोग अपने साथ खाना बनाने का सामान भी लाते हैं। ऐसे में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए इस बार योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4,300 फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं। महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए योगी सरकार ने विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित किया है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया गया है। इतना ही नहीं अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन और 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर को डिप्लॉय किया गया है। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया गया है। यहीं नहीं, मेले की शुरूआत से पूर्व एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ दर्जनों मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया,

## मौनी अमावस्या स्नान के पहले नव्य प्रकाश व्यवस्था से जगमग हुई कुम्भ नगरी प्रयागराज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन समागम है। महाकुम्भ के इस आयोजन को दिव्य ,भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए इससे जुड़े शहर के उन मार्गों और चौराहों को भी आकर्षक स्वरूप दिया गया है जहां से होकर पर्यटक और श्रद्धालु महा कुम्भ पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में अब सड़क किनारे के वृक्षों को रोशनी के माध्यम से नया स्वरूप दिया गया है।

**मौनी से पहले शहर की प्रकाश व्यवस्था को दिया गया नया लुक**

प्रयागराज महा कुम्भ आ रहे आगंतुकों के स्वागत के लिए की कुम्भ नगरी की सड़कों को सजाया गया, शहर के चौराहे सुसज्जित किए गए और बारी है सड़क के दोनों तरह मौजूद हरे भरे वृक्षों को नया लुक देने की । नगर निगम प्रयागराज ने इस संकल्प को धरती पर उतारा है। नगर निगम के मुख्य अभियंता ( विद्युत ) संजय कटियार बताते हैं कि शहर में सड़क किनारे लगे वृक्षों का नया लुक देने के यूपी में पहली बार नियॉन और थीमेटिक लाइट के संयोजित वाली प्रकाश व्यवस्था लागू की गई है। इस नई व्यवस्था में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के 260 वृक्षों के तनों, शाखाओं और पत्तियों में अलग अलग थीम की रोशनी लगाई गई है। इनमें नियॉन और स्पाइरल लाइट्स को इस तरह संयोजित किया गया है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कैसे रात के अंधेरे में पूरा वृक्ष आलोकित हो गया है। शहर से गुजरकर महा कुम्भ जाने वक्ष पर्यटक और श्रद्धालु इस भव्य प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन कर सकेंगे। सड़कों और चौराहों के अलावा शहर के अंदर के छोटे बड़े पार्कों में भी पहली बार उन्हें सजाने के लिए नए ढंग से संवारा गया है। नगर निगम के चीफ इंजीनियर ( विद्युत) संजय कटियार का कहना है कि शहर के चयनित आठ पार्कों में पहली बार कांच और रोशनी के संयोजन से म्यूरल्स बनाए गए हैं जो वहां से गुजरने वालों का ध्यान खींच रहे हैं।

## सफाई कर्मचारी नहीं, ये स्वच्छता सेनानी हैं : मनोहर लाल खट्टर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्यों के मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि, किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव का पत्थर होते हैं। आज पूरा विश्व दिव्य-भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ देख पा रहा है तो इसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि ये सफाईकर्मी नहीं, बल्कि स्वच्छता सेनानी हैं। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने सोमवार को प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को किट और ट्रैक सूट भी वितरित किया।

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम भी देखा**

पार्षदगणों के साथ केंद्रीय मंत्री खट्टर, प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने नगर निगम का नवनिर्मित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम देखा। इस दौरान नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, शहर की सफाई व्यवस्था, मॉनिटरिंग और कचरा निस्तारण के साथ संचालित एमआरएफ, एआरएफ, बायो सीएनजी और सीएंडडी प्लांट के बारे में जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि प्लांट के जरिए निगम को सालाना 40 लाख रुपए का रेवेन्यू भी प्राप्त हो रहा है। वहीं गीले कचरे का निस्तारण कर सीएनजी बनाया जाएगा। इसका वितरण एओएल और घरों में पाइप के जरिए होगा।

**एआई से स्वच्छता मॉनिटरिंग अचीवमेंट से कम नहीं**

शहर की एआई मॉनिटरिंग और समस्याओं का त्वरित निस्तारण होता देख केंद्रीय मंत्री खट्टर ने नगर निगम के कार्यों की सराहना की और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 70 किलोमीटर तक मुख्य सड़कों के दायरे को कवर कर स्वच्छ बनाना काबिल-ए- तारीफ है। शहर में अतिक्रमण, सड़क किनारे पड़े कूड़े, खराब स्ट्रीट लाइट, आवारा पशुओं की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से की जा रही है। यह अपने आप में अचीवमेंट है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री केंद्रीय सर्विस सेल में पहुंचे और वहां पर चल रहे काम-काज की जानकारी ली।

## पंचदशनाम जूना अखाड़े ने शुरू की प्रयागराज की पंचकोसीय परिक्रमा*

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भनगर। महाकु**म्भ में पंचदशनाम जूना अखाड़ा ने अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए पांच दिवसीय पंचकोसीय परिक्रमा की शुरूआत की। सोमवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जूना अखाड़े के अध्यक्ष हरि गिरी के नेतृत्व में अखाड़े के साधु, संतों ने गंगा पूजन कर पंच कोसीय परिक्रमा की शुरूआत की। ये पंच कोसीय परिक्रमा पूरे पांच दिन चल कर प्रयागराज के सभी मुख्य तीर्थों का दर्शन पूजन करते हुए 24 जनवरी को सम्पन्न होगी।

## भगवान श्री राम ने निषाद राज को गले लगाकर सामाजिक एकता समरसता का दिया संदेश

### सनातन धर्म मे जाती पाती का कोई भेद भाव नहीं



**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्र**यागराज । रविवार को श्रृंगवेरपुर धाम मे रामायण मेला आयोजन समिति के ओर से आयोजित महाकुंभ विशेष भव्य गंगा आरती का आयोज किया गया कार्यक्रम मे जगतगुरु रामानंदाचार्य सख्य पीठाधीश्वर स्वामी श्री वल्लभाचार्य जी महाराज बतौर मुख्य अतिथि समिल हुये इस दौरान उन्होने कहा की निषादराज रघुकुल के बहुत ही निकट और प्रिय थे जिन्होंने वनवास काल के समय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के संकल्प को पूरा करने में अपना संपूर्ण सेवा व सहयोग प्रदान किया इसी स्थल पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने श्री निषाद राज को गले लगाते हुए सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दिया था बताया की सनातन धर्म के अंतर्गत जाति पाति का कोई भेदभाव नहीं था जिसका प्रमाण गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस की पंक्ति जाति-पाति पूछे नहीं कोई हरि का भजे सो हरि का होइ से प्राप्त होता है वही गंगा आरती मे झांसी से साध्वी पीतांबरा वृंदावन से महंत शिवदास जी महाराज हरियाणा से योगी श्री राजेंद्र नाथ जी महाराज ट्रैक्टर बाबा माधव दास जी महाराज सहित बड़ी संख्या में संत महात्मा शामिल हुए पूरे विधि विधान के साथ आचार्य गणेश मिश्रा ने आरती संपन्न कराया इससे पूर्व आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने भगवान श्री राम निषाद राज मिलन केंद्र के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकसित किया जा रहे निषाद राज उद्यान के प्रति योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए महाकुंभ विशेष भव्य गंगा आरती की महत्वत्ता बताई अवसर पर राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे ,उपाध्यक्ष सियाराम सरोज, प्रमोद बंसल, राकेश कुमार त्रिपाठी , समाजसेवी बबलू पांडे ,आलोक त्रिपाठी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ,अवधेश मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा , कृष्ण चंद्र पांडे ,पुरोहित मोनू जी महाराज ,अधिवक्ता बलराम सिंह, ब्रह्मानंद शुक्ला, रामचंद्र यादव फौजी ,प्रतिमा मिश्रा ,मोहक जौनपुरी ,आदि लोग मौजूद रहे ।

## ५श्रृंगवेरपुरधाम मे दिव्य गंगा आरती में भक्तो ने भगवती गंगा से माँगा आशीष

### - प्रत्येक सोमवार को जय श्रीराम सेवा समिति द्वारा की जाती है दिव्य गंगा आरती




**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज । श्रृंग्वेरपुरधाम** मे लगातार सोमवार को श्रृंग्वेरपुर महोत्सव जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान मे दिव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम घाट पर किया गया। दिव्य गंगा आरती का आयोजन अनवरत महाकुम्भ 2025 की सकुशलता हेतु सम्पन्न कराने की कामना के साथ शुरू किया गया। श्रृंग्वेरपुरधाम मे प्रत्येक सोमवार एवं महाकुम्भ स्नान पर्व पर दिव्य गंगा आरती आयोजन का निर्णय जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान मे किया गया है। प्रथम सोमवार को पौष पूर्णिमा पर दिव्य गंगा आरती का आयोजन जय श्रीराम सेवा समिति के द्वारा वैदिक विधि विधान के साथ किया गया था । इसी क्रम में लगातार दूसरे सोमवार को भी साधु संतो की अगुवाई में दिव्य गंगा आरती भगवती गंगा को पुष्प और श्रृंगार वस्त्र अर्पित करके शुरू की गई। मुख्य अतिथि के रूप में एसएचओ अजय सिंह उपस्थित रहे। वही जय हो मेरी गंगे मैया आरती तुम्हारी / भक्तन के भंडार भरईया/आरती तुम्हारी समेत प्रार्थना स्तुति के साथ दीप प्रज्जवलित किया गया। शांता श्रृंगी ऋषि मंदिर पर माथा टेककर दिव्य गंगा आरती सम्पन्न की गई। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के अध्यक्ष संजय तिवारी एवं संचालक अरुण द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ की सकुशलता सम्पन्नता एवं महाकुम्भ के भव्य पर्व की छवि एवं इसकी नैतिकता को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। अध्यक्ष संजय तिवारी ने आभार जबकि श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के संचालक अरुण द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्याम उपाध्याय, कुलदीप तिवारी सरकार, वैभव मिश्रा, संतोष शुक्ला, शीलू पांडेय, मुन्ना सोनी, गोलू तिवारी, नरेन्द, मोनू महाराज पप्पू त्रिपाठी, मोनू महाराज, निर्मल बाबा आदि उपस्थित रहे।

## 427वी पुण्यतिथि पर याद किये गये महाराणा प्रताप

**बहराइच-** शहर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की 427 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।चौक स्थिति महारणा प्रताप के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़ने वाले अकेले योद्धा थे। उन्होंने स्वयं के लाभ के लिए कभी किसी के आगे हार नहीं मानी थी।मेवाड़ की शौर्य-भूमि धन्य है। जहां वीरता और दृढ़ प्रण वाले प्रताप का जन्म हुआ। राजीव सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के पास एक सबसे प्रिय घोड़ा था। जिसका नाम चेतक था। युद्ध में अश्व चेतक की भी मृत्यु हुई।वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एक समाज के ना हो करके सर्व समाज के थे। उन्होंने जंगलों में रह कर- के घास की रोटियां खानी मंजूर की,परंतु मुगलों की अधीनता कभी भी स्वीकार नहीं की।कुशुमेन्द्र सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि हमें उनके बलिदान और देशभक्ति की याद दिलाती है।महाराणा प्रताप से सीख ले कर के देश सेवा करनी चाहिए। महाराणा प्रताप ने कभी भी सिंह,राजन सिंह, सभासद राजीव सिंह,सुनील सिंह,कुशमेन्द्र सिंह राणा,धीरेन्द्र सिंह,रवि प्रताप सिंह,शौर्य सिंह,संजय सिंह सहित लोग उपस्थित रहे ।

## समाजवादी लोहिया वाहिनी पीडीए चौपाल की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**बहराइच।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला इकाई की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने की जबकि संचालन जिला महासचिव मोबीन खान ने किया।

## पशु क्रूरता में 3 गिरफ्तार, ट्रक और कंटेनर में लदे 82 पशु बरामद

### पकड़े गए तीनों अभियुक्त कौशांबी के निवासी

**प्रयागराज। नवा**बगंज पुलिस ने पशु क्रुरता करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक ट्रक व एक कण्टेनर में लदे 72 भैंस, 6 मृत भैंस, 4 भैंसा तथा घटना में प्रयुक्त एक वैगनार कार बरामद किया है। गिरफ्तार तीनों युवकों में जसीन, निवासी ग्राम दौलतपुर कसार थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी, सलमान निवासी ग्राम कड़ा थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी, बृजेश कुमार केसरवानी, निवासी ग्राम गुलामीपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी शामिल हैं। थाना की पुलिस ने नवाबगंज क्षेत्र के वाराणसी कानपुर हॉइवे स्थित कंजिया कट के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया है। थाना लाकर उनसे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने लिखा पढ़ी कर तीनों युवकों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बरामद ट्रक का नंबर यूपी 32 के एन 1639 , कण्टेनर नंबर यूपी 21 डी टी 9865 और वैगनार कार नंबर यूपी 73 ए ई 0553 है।











**पुलिस पर वाहन चढ़ाने की कुचेष्टा, रोड किनारे खड़े वाहन को टक्कर भी मारी**

**पुलिस ने** बताया कि पुलिस पर वाहन चढ़ाने का भी प्रयास किया गया। इसी दौरान सड़क के किनारे खड़े एक वाहन को टक्कर भी मारी गई। बताया जा रहा है कि इन अभियुक्तों के पशु लदे वाहन को पास कराने या पुलिस से बचने के लिए कुछ 'पासर' भी आगे आगे लोकेशन बताने के लिए गिरोह के सहयोगी भी चलते हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार मिश्र, उप निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह, अंबुज, वीरेंद्र कुमार तिवारी, कैलाश राय, हेड कांस्टेबल राजेश यादव आदि शामिल रहे।

## चिंता जनक: परस्पर सहमति से डेढ़ से दो साल में हो रहे हैं तलाक

**गाजियाबाद। पति-पत्नी में आपसी सामंजस्य नहीं** बनने से आपसी सहमति से तलाक ले रहे हैं। एक साल में 60 से 70 दंपति अदालत में आपसी सहमति से तलाक ले रहे हैं, जबकि अलग-अलग परिवार न्यायालय में पांच हजार से अधिक मामले आपसी सहमति के विचाराधीन हैं। जबकि अलग-अलग प्रकृति के परिवार न्यायालय में 12500 केस चल रहे हैं। इनमें साठ फीसदी पत्नी की तरफ से अर्जी लगाई गई है।जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा का कहना है कि आपसी सहमति से तलाक पर फैसला देने के लिए अदालत द्वारा लिया जाने वाला सामान्य समय 18-24 महीने है। इसके अलावा, आपसी सहमति से तलाक छह महीने के भीतर प्राप्त किया जा सकता है, यह पूरी तरह से मामले और अदालत की प्रकृति पर निर्भर करता है। आपसी सहमति से तलाक के लिए कोई विशेष आधार नहीं है।

## दुष्कर्म कर ली पांच साल बच्ची की जान, शव को बोरे में बंद कर नाले में फेंका

**साहिबाबाद।** लिंक रोड के महाराजपुर क्षेत्र में पांच साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के बाद शव को प्लास्टिक के बोरे में बंद कर नाले में फेंक दिया गया। 15 जनवरी की इस वारदात का पुलिस ने शनिवार को खुलासा करते हुए बच्ची के रिश्ते के चाचा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक स्कूल बस में परिचालक है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उस पर शक हुआ।

एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी शहर से भागने की फिराक में था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। कौशांबी बस अड्डे के पास उसने पुलिस को देखते ही गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। उसे घायल अवस्था में पकड़कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह स्कूल बस में ही सोता था। 15 जनवरी की रात वह महाराजपुर क्षेत्र में बस खड़ी कर निकला ही था कि उसे भतीजी नजर आई। वह घर से उसके पीछे आ गई थी।स्कूल बस में किया दुष्कर्म : उसने बच्ची को मोबाइल पर गेम खिलाने और 100 रुपये देने का लालच दिया। इसके बाद बस के अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने बताया कि दुष्कर्म के दौरान बच्ची पहले चीखी और फिर बेहोश हो गई। इस पर उसे लगा कि वह फंस सकता है। उसने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद प्लास्टिक के कट्टे में शव को डाल लिया और थोड़ी दूर ले जाकर नाले में फेंक दिया। मां के दूसरे पति का भाई है आरोपी : बच्ची के पिता दूसरी शादी करने के बाद मुंबई में रहते हैं। मां ने भी कुछ समय पहले दूसरी शादी कर ली थी। आरोपी बच्ची की मां के दूसरे पति का ममेरा भाई है।

## गाजियाबाद में डेढ़ लाख खाते हो गए एनपीए, नहीं हो रही रिकवरी

**गाजियाबाद। शहर के 14 बैंकों के 156,396 बैंक खाते एनपीए हो गये हैं। इन खातों के एनपी**ए होने की वजह से बैंकों के 56 करोड़ से अधिक रुपये ग्राहकों के पास फंस गया है। एनपीए खाते से रिकवरी के लिए बैंकों को बार-बार नोटिस, सर्टिफिकेट केस व लोक अदालत में मामले ले जाने पड़ रहे हैं। इसमें सबसे अधिक मामले पर्सनल लोन से जुड़े हैं। पिछले पांच सालों में 35 हजार से अधिक पर्सनल लोन के खाते या छोटे उपकरणों के फाइनेंस के खाते एनपीए हो गए है। विभिन्न कंपनियों और बैंकों की ओर से इनको वसूली के लिए फोन भी किया जा रहा है।

बावजूद इसके यह लोन नहीं चुका रहे है। इसके अलावा केसीसी, हाउसिंग, एजुकेशन, एमएसएमइ व अन्य प्रकार के लोन भी खाते एनपीए में शामिल हैं। इसके बाद सबसे अधिक केसीसी ऋण के 24,978 बैंक खाते एनपीए हुए हैं। इसके बाद बिजनेस और एजुकेशन लोन के खाते एनपीए हुए हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक बुद्धराम ने बताया कि पर्सनल लोन की कोई सिक्योरिटी नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में यह खाते एनपीए हो रहे हैं। लोग किसी कारण से लोन नहीं जमा कर पाते हैं। तो उन्हें वसूली के लिए नोटिस भेजा जाता है। तीन नोटिस भेजने के बाद भी पैसे नहीं जमा करने पर मामले को लोक अदालत में ले जाया जाता है। लोन लेकर नहीं भरने का सिबिल स्कोर पर भी पड़ता है।

## चोरी की कर को कोलकाता ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**कौशांबी। ईडीएम** बैरियर पर चेकिंग करते समय पुलिस ने एक युवक को चोरी की कार के साथ शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कार दिल्ली से चुराई थी, जिसे वह कोलकाता के पुकुर स्थित अपने घर ले जा रहा था। उसके पास से दो मोबाइल भी बरामद हुए हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि ईडीएम बैरियर स्थित पुलिस बूथ पर शुक्रवार रात कौशांबी पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी। दिल्ली की तरफ से आ रही एक कार को रोकने की कोशिश की तो उसका चालक कार छोड़कर भागने लगा, लेकिन पकड़ा गया। पूछताछ में चालक ने खुद को कोलकाता के नॉर्थ रेंज स्थित बनिया पुकुर निवासी मोहम्मद राशिद अली बताया। कार के बारे में पूछताछ की गई तो बताया कि उसने कार लाजपतनगर दिल्ली के अमर कॉलोनी से चोरी की थी। जिसे वह कोलकाता लेकर जा रहा था। एसआई भुवन चंद्र शर्मा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जी डी ए ने हरनंदीपुरम के लिए चिह्नित गांव से हटवाया अतिक्रमण

**गाजियाबाद। हरनंदीपुरम योजना के लिए चिह्नित गांवों का शनिवार को जीडीए वीसी अतु**ल वत्स ने टीम के साथ दौरा किया। मोरटा और आसपास के गांवों में हो रहे अवैध निर्माण पर उन्होंने नाराजगी जताई और जोनल अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान एक अवैध निर्माण पर तीन बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।हरनंदीपुरम योजना 501 हेक्टेयर में विकसित की जा रही है। इसमें हरित क्षेत्र, आधुनिक आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जीडीए वीसी ने कहा कि अवैध निमार्णों और अव्यवस्थित शहरीकरण को रोकने के लिए जीडीए दृढ़ है।हरनंदीपुरम योजना को गाजियाबाद के विकास का एक मॉडल बनाया जाएगा। अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध निमार्णों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता को भी इस दिशा में जागरूक होने की आवश्यकता है ।

## मंत्री ने सस्पेंड कराया, मामला ठंडा पड़ा तो शुरू हो गए बहाली के प्रयास

**कन्नौज। जिला अ**स्पताल में भ्रष्टाचार के आरोप में सस्पेंड चल रहे नेत्र परीक्षण अधिकारी असीम कटियार ने अपनी बहाली के प्रयास शुरू कर दिए हैं। उनको मरीजों से अवैध वसूली के वीडियो वायरल होने के बाद सस्पेंड किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री असीम अरुण ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद असीम कटियार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था।

## पश्चिम सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक बलों के हमले में 18 लोगों की मौत

एजेंसी

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 18 नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने बताया, आरएसएफ मिलिशिया ने उत्तरी दारफुर में उम कददा जिले के पूर्व में जेबेल हिल्ला गांव में नरसंहार किया।' उन्होंने 'आरएसएफ द्वारा नागरिकों को संगठित रूप से निशाना बनाने और अंतरराष्ट्रीय कानून और मानदंडों के उल्लंघन 'के लिए की निंदा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। आरएसएफ ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) के छठे इन्फैंट्री डिवीजन की कमान ने एक बयान में कहा कि उसके युद्धक विमानों ने शनिवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर के उत्तरपूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में आरएसएफ सभाओं और आंदोलनों को निशाना बनाते हुए तीन हवाई हमले किए। जिसमे 40 से अधिक आरएसएफ सेनानियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## श्रीलंका में भूस्खलन, बाढ़ की चेतावनी जारी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कई जिलों और प्रांतों में भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी जारी की गयी। नेशनल बिल्डिंग एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एनबीआरओ) ने बदुल्ला, कैंडी, कुरुनेगला और मटाले जिलों के लिए भूस्खलन की चेतावनी जारी की, जो सुबह तक प्रभावी रहेगी। सिंचाई विभाग ने पूर्वी और उत्तर मध्य प्रांतों,



खासकर महावेली नदी बेसिन के निचले इलाकों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की। यह चेतावनी मंगलवार सुबह तक प्रभावी रहेगी, क्योंकि नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी मानसून वर्तमान में सक्रिय है और आने वाले दिनों में बारिश जारी रहने का अनुमान है।

## इजराइली सेना के हटते ही गाजा में हमास के लड़ाके आए सड़कों पर

**यरुशलम।** गाजा में बंधकों की रिहाई की शर्त पर हुए संघर्ष विराम समझाते के बाद इजराइल की सेना पीछे हटने लगी है। इससे लोग खुश हैं। इस बीच कई जगह आतंकी समूह हमास के बंदूकधारी नकाबपोश लड़ाके लड़ाके सड़कों पर आ गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इजराइली अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेना ने गाजा के कुछ हिस्सों से पीछे हटना शुरू कर दिया है। इसका फायदा उठाकर हमास ने फिर से नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। कई शहरों में नकाबपोश बंदूकधारी सड़कों पर उतर आए। इजराइली सेना ने कहा कि कई इजरायली बंधकों को कल गाजा में कैद से रिहा कर दिया गया और वे अपने परिवारों से मिल गए। अधिकारियों के अनुसार, इजराइल और हमास के बीच 42 दिनों का संघर्ष विराम समझौता प्रभावी हो गया। रिहा किए गए पहले बंधकों में तीन महिलाएं रोमी गोनेन, एमिली दामरी और डोरोन स्टीनब्रेचर शामिल हैं। इनके बाद इजराइल 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस समझौते से इजराइली बंदियों और फिलिस्तीनी कैदियों के परिवारों को राहत मिली है और 15 महीने के विनाशकारी युद्ध की समाप्ति की उम्मीद जगी है। कुछ अधिकारियों का कहना है कि संघर्ष विराम के पहले चरण में हमास 33 बंधकों की रिहाई में देरी कर सकता है। लगभग 100 लोग अभी भी उसकी कैद में हैं। इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 33 बंधकों में अधिकांश अभी भी जीवित हैं।

## गिरफ्तार राष्ट्रपति येओल को सियोल डिटेंशन सेंटर से बलपूर्वक ले जाने की तैयारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने पूछताछ में लगातार असहयोग कर रहे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किए जा चुके राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का संकेत दिया है। सीआईओ ने सोमवार को कहा कि वह येओल को बलपूर्वक ले लाने जाने पर दृढ़ता से विचार कर रहा है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, येओल को बुधवार से सियोल डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। सीआईओ ने रविवार को औपचारिक गिरफ्तारी के बाद उनसे सोमवार सुबह 10 बजे पूछताछ के लिए कार्यालय में उपस्थित होने का आग्रह किया। येओल ने सीआईओ के आग्रह को अस्वीकार कर दिया। सीआईओ के एक अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, इस स्थिति में कह सकता हूं कि येओल को बलपूर्वक कार्यालय ले जाने पर विचार किया जा रहा है।

## 'हमें टिकटॉक को बचाने की जरूरत...', शपथ ग्रहण से पहले आयोजित रैली में ट्रंप का बड़ा बयान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा कि वे टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि हमें टिकटॉक को बचाने की जरूरत है।

हम अपना बिजनेस चीन नहीं जाने दे सकते। ट्रंप ने बताया कि टिकटॉक को अपना 50 फीसदी बिजनेस अमेरिका को बेचना पड़ेगा, इस शर्त पर टिकटॉक को अमेरिका में संचालन की मंजूरी दी जाएगी।

**50 फीसदी स्वामित्व अमेरिका के पास होगा**

गौरतलब है कि बाइडन सरकार ने कानून बनाकर टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिसके बाद शनिवार शाम से अमेरिका में टिकटॉक की सेवाएं बंद हो गई थी। हालांकि ट्रंप के एलान के बाद टिकटॉक की




सेवाएं फिर से चालू हो गई हैं। टिकटॉक ने भी संचालन बहाल करने की अनुमति देने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है। वॉशिंगटन में कैपिटल वन एरेना में मेक अमेरिका ग्रेट अगेन विजय रैली में बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, 'हमें टिकटॉक को बचाने की जरूरत है क्योंकि हमें बहुत सारी नौकरियां बचानी हैं। हम अपना व्यवसाय चीन को नहीं देना चाहते। मैंने टिकटॉक को इस शर्त पर मंजूरी दी है कि टिकटॉक का 50 फीसदी स्वामित्व अमेरिका के पास होगा।

**ट्रंप ने कहा- मौजूदा भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था को समाप्त करेंगे**

ट्रंप ने कहा कि 'राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले ही ऐसे नतीजे आ रहे हैं, जिनकी किसी ने अपेक्षा नहीं की थी।

लोग इसे ट्रंप प्रभाव कह रहे हैं, लेकिन यह आप हैं, ये आपका प्रभाव है।' उन्होंने कहा कि 'हम अपने स्कूलों में देशभक्ति को बहाल करने जा रहे हैं, अपनी सेना और सरकार से कट्टरपंथी वामपंथी और जागरूक विचारधाराओं को बाहर निकालेंगे।

हम अमेरिका को फिर से महान बनाने जा रहे हैं।' ट्रंप ने मौजूदा राजनीतिक ढांचे को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा, 'हम हमेशा के लिए एक असफल, भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था को समाप्त करने जा रहे हैं। हम इसे और बर्दाश्त नहीं करेंगे।'

## चीन के साथ संबंधों में मजबूती बरकरार रहेगी : ढाका में चीनी राजदूत

एजेंसी

**ढाका।** चीन के साथ बांग्लादेश के संबंधों में कोई दरार नहीं आएगी, बल्कि यह और मजबूत होंगे। यह बात ढाका में नियुक्त चीनी राजदूत याओ वेन ने विदेश मंत्रालय में एक बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार की चीन यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे द्विपक्षीय सहयोग और गहरा होगा।

बांग्लादेश के साथ किए गए समझौते कायम रहेंगेयाओ वेन ने स्पष्ट किया कि चीन और बांग्लादेश के बीच जो भी समझौते हुए हैं, उनमें किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा, चीन हमेशा बांग्लादेश का मित्र रहा है और भविष्य में भी रहेगा। तीस्ता परियोजना के संबंध में राजदूत ने कहा कि चीन इस परियोजना पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे समाधान की दिशा में ले जाएगा। 05 अगस्त की घटना में मारे गए लोगों को लेकर चीन द्वारा दी गई सहायता जारी रहेगी। पत्रकारों के एक सवाल पर याओ वेन ने कहा कि बांग्लादेश को अगर किसी प्रकार के चिकित्सा उपकरण या अन्य सहयोग की आवश्यकता होगी, तो चीन सरकार




उसे उपलब्ध कराएगी। ब्रह्मपुत्र नदी पर भारत द्वारा बनाए जा रहे बांध के मुद्दे पर राजदूत ने कहा कि चीन इस पर नजर बनाए हुए है और वहां विकास कार्यों के लिए काम करता रहेगा। इस बैठक के दौरान चीनी दूतावास के दो वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में 'शॉन' चक्रवात को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी

एजेंसी

**सिडनी।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) के उत्तर-पश्चिमी तट को प्रभावित करने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'शॉन' को श्रेणी तीन के तूफान में अपग्रेड कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सोमवार सुबह उष्णकटिबंधीय तूफान 'शॉन' को श्रेणी दो से श्रेणी तीन में अपग्रेड कर दिया और हवाओं की गति 185 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की चेतावनी दी। मौसम विभाग ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी पिलबारा तट के आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को घरों के अदंर रहने की सलाह दी है, क्योंकि तूफान ÷शॉन÷ के तेज़ हवाओं और मूसलधार बारिश के कारण स्थिति गंभीर होने के आसार हैं।पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं विभाग (डीएफईएस) की ओर से जारी की



गई एक आपातकालीन चेतावनी में कहा गया, आप खतरे में हैं और तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है।इसी बीच, निवासियों को सलाह दी गई है कि वे भवनों के सबसे मजबूत और सुरक्षित हिस्से में रहें तथा खिड़कियों और दरवाजों से दूर रहें। मौसम विज्ञान ब्यूरो ने आज कहा कि कि तूफान के प्रभाव से समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं और तटीय इलाकों में बाढ़ जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने निवासियों से अपील की, 'जो लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहां बाढ़ का खतरा है, उन्हें अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने चाहिए और साथ ही, अपने पड़ोसियों की मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।'

## सीरिया ने ड्रोन से हमला कर आठ मिलिशिया सदस्यों को मारा गिराया, बख्तरबंद वाहनों को नुकसान

एजेंसी

**दमिश्क।** कुर्द नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) के लड़ाकों ने ड्रोन से उत्तरी सीरिया के अलेप्पो प्रांत में तिशरीन डेम के पास तुकी समर्थित मिलिशिया के वाहनों और बख्तरबंद उपकरणों को निशाना बनाया, जिसमें मिलिशिया के आठ सदस्य मारे गए।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार एसडीएफ और तुर्की समर्थित सीरियन नेशनल आर्मी÷ के बीच संघर्ष में आठ एसडीएफ लड़ाके भी घायल हो गए हैं। एसडीएफ ने हालांकि दावा किया कि संघर्ष में कई तुर्की समर्थित लड़ाके मारे गए और टैंकों सहित कई सैन्य वाहन नष्ट हो गए। गौरतलब है कि पिछले साल 12 दिसंबर को शुरू हुये संघर्ष के बाद से सीरिया की ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट ने दोनों पक्षों के करीब अभी तक 440 लोगों की मौतों की पुष्टि की



है। इसमें 44 नागरिक, तुर्की समर्थित समूहों के 321 लड़ाके और एसडीएफ तथा सहयोगियों के 75 लड़ाके शामिल हैं।तुर्की सीरियाई कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट (वाईपीजी) को गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की शाखा मानता है, जो एसडीएफ का मुख्य हिस्सा है। पीकेके को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## भारतीय उच्चायोग ने सिंगापुर में प्रवासी श्रमिकों के लिए की पोंगल उत्सव की मेजबानी

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग ने 2,000 से अधिक भारतीय प्रवासी कामगारों के साथ एक प्रमुख फसल उत्सव पोंगल का एक दिवसीय उत्सव मनाया। उच्चायोग ने शहर-राज्य के सुदूर उत्तरी औद्योगिक क्षेत्र में क्रांजी मनोरंजन केंद्र में एक भव्य मनोरंजन मेले का आयोजन किया। यह त्यौहार तमिल महीने की शुरुआत का भी प्रतीक है।उप-उच्चायोग पूजा एम. टिल्लू ने कहा, यह सिंगापुर में भारतीय प्रवासियों तक पहुंचने के लिए आयोजित किया गया पहला बड़े पैमाने का मनोरंजन मेला था। उन्होंने शहर के राज्य की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करने वाले निर्माण, समुद्री और अन्य भारी-भरकम उद्योगों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों को गुडी बैग भेंट किए।उन्होंने कहा,हम कई वर्षों से छोटे पैमाने पर ही सही, इस तरह के आयोजन करते रहे हैं, लेकिन अब भारत के श्रमिकों तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर सभाएं आयोजित की जाएंगी।उन्होंने कहा कि इस साल ऐसे तीन और आयोजनों की योजना बनाई गई है। प्रमुख भारतीय त्योहारों के साथ मेल खाना। जनशक्ति मंत्रालय में विदेशी श्रमिकों के लिए आश्वासन, देखभाल और जुड़ाव के प्रमुख तुंग युई फई ने कहा, सिंगापुर श्रम-केंद्रित उद्योगों में दस लाख से अधिक विदेशी श्रमिकों की मेजबानी करता है, जिनमें से बड़ी संख्या में भारत और बांग्लादेश से हैं।ऐसे में उनकी खुशी के लिए इस प्रकार के आयोजन में सहभागिता से काफी खुशी हुई।

## इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के राफा शहर से अपने सैनिकों को उपकरणों के साथ वापस बुलाया

एजेंसी

**जेरूसलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा शहर के केंद्र से सैनिकों और उपकरणों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। अल जज़ीरा ने यह जानकारी दी। चैनल के मुताबिक, इजरायली सेना फिलाडेल्फी कॉरिडोर की ओर पीछे हट रही है, जो मिस्र और गाजा पट्टी के बीच की सीमा पर स्थित है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास आंदोलन के साथ एक समझौते के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी और मिस्र की सीमा पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर से इजरायली बलों की कथित वापसी के बारे में मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, इजरायल ने न केवल इस क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखने के लिये योजना बनाई है बल्कि इसे मजबूत करने की भी योजना बनाई है।



गौरतलब है कि फिलिस्तीनी गाजा पट्टी में संघर्ष के पक्ष इजरायल और हमास आंदोलन कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता के साथ 19 जनवरी से 42 दिनों के लिए युद्धविराम पर सहमत हुए और अंततः शत्रुता को समाप्त करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। इस दुश्मनी के कारण पिछले 15 महीनों में 46 हजार फिलिस्तीनियों और लगभग 1,500 इजरायलियों की जान चली गई तथा इजरायल और ईरान के बीच मिसाइल हमले हुए। सौदे के पहले चरण में लगभग एक हजार फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों की रिहाई मिली है। इज़रायली सैनिकों को गाजा पट्टी की सीमाओं पर वापस जाना होगा, हालाँकि वे अभी उनके भीतर ही रहेंगे। युद्धविराम के पहले दिन से मानवीय सहायता वितरण बढ़कर प्रति दिन 600 ट्रक हो जाएगा, जिसमें 50 ईंधन के ट्रक भी शामिल होंगे। फिलिस्तीनियों को 200 हजार टेंट और 60 हजार मोबाइल घर मिलेंगे। समझौते के गारंटर कतर, मिस्र और अमेरिका हैं, जो काहिरा में एक समन्वय केंद्र बनाएंगे। युद्धविराम के 16वें दिन, इजरायल और हमास ने समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्धता जताई, जिसमें संभवतः शेष बंधकों की रिहाई, एक स्थायी युद्धविराम और पूर्ण इज़राइली वापसी शामिल होगी। शांति प्रक्रिया के गारंटर तीसरे चरण के बारे में भी बात कर रहे हैं, जिसमें अवशेषों का आदान-प्रदान, गाजा पट्टी का पुनर्निर्माण और इसकी नाकाबंदी को समाप्त करना शामिल होगा।

## वेनेजुएला में बिना सैन्य कार्रवाई के सत्ता परिवर्तन चाहता है ट्रंप प्रशासन- रिपोर्ट

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन वेनेजुएला सरकार और इसके प्रमुख निकोलस मादुरो को बदलना चाहते हैं, हालांकि, प्रशासन के प्रतिनिधियों के अनुसार, इसका मतलब देश में सैन्य कार्रवाई नहीं है। एक्सियोस पोर्टल ने ट्रंप प्रशासन के एक अनाम स्रोत का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी।

श्री ट्रम्प के सलाहकारों ने कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की टीम चाहती है कि श्री मादुरो पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के रास्ते पर चलें, जिन्होंने आठ दिसंबर, 2024 को अपना पद छोड़ दिया था। सलाहकारों ने पोर्टल को बताया कि वेनेजुएला में 'शासन परिवर्तन' होगा। जरूरी नहीं कि इसका मतलब सैन्य कार्रवाई हो।विदेश नीति चर्चा में शामिल श्री



ट्रंप के एक सलाहकार ने बताया, मादुरो को मॉस्को में असद के साथ पड़ोसी होते हुए देखकर हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। पोर्टल ने नोट किया कि वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन में ट्रम्प की दिलचस्पी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की क्यूबा को आतंकवाद के राज्य प्रायोजकों की सूची से हटाने के अपने फैसले को कांग्रेस को भेजने के इरादे की पृष्ठभूमि में बढ़ गई है। गौरतलब है कि सीरिया के सशस्त्र विपक्ष ने आठ दिसंबर को दमिश्क पर कब्जा कर लिया। रूसी अधिकारियों ने कहा कि बशर असद ने सीरियाई संघर्ष में भाग लेने वालों के साथ बातचीत के बाद सीरिया के राष्ट्रपति के रूप में पद छोड़ दिया और रूस के लिए देश छोड़ दिया, जहां उन्हें शरण दी गई थी। हयात तहरीर अल-शाम और अन्य विपक्षी समूहों द्वारा गठित इदलिब-आधारित प्रशासन चलाने वाले मोहम्मद अल-बशीर को अंतरिम प्रधान मंत्री नामित किया गया था। बाद में उन्होंने घोषणा की कि एक अंतरिम सरकार का गठन हो गया है और यह मार्च 2025 तक बनी रहेगी।

## उत्तरी कोलंबिया में गुरिल्ला हिंसा, तीन दिन में 80 से अधिक लोग मारे गए

एजेंसी

**टीबू (कोलंबिया)।** संघर्षग्रस्त उत्तरी कोलंबिया में लड़खड़ाती शांति प्रक्रिया के बीच ताजा गुरिल्ला हिंसा में शुक्रवार से रविवार (तीन दिन) तक 80 से अधिक लोगों की जान चली गई। पूर्वोत्तर कैटाटुम्बो क्षेत्र में सशस्त्र समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के प्रतिद्वंद्वी समूह पर हमला करने के बाद हालात बिगड़ गए हैं।

बैंकाक पोस्ट समाचार पत्र के अनुसार, नॉर्टे डी सैंटेंडर विभाग के गवर्नर विलियम विलामिजार ने कहा कि कैटाटुम्बो में भारी हिंसा हुई है। वेनेजुएला की सीमा के पास पहाड़ी कोकीन उत्पादक क्षेत्र के पांच नगर पालिका क्षेत्रों में सबसे अधिक लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा की ताजा शुरुआत में लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए और लगभग 5,000 लोग विस्थापित हो गएइस



बीच सेना ने कहा कि हालात संभालने के लिए 5,000 से अधिक सैनिकों को क्षेत्र में भेजा गया है। कोलंबिया का मार्क्सवादी क्रांतिकारी सशस्त्र बल कभी पश्चिमी गोलार्ध में सबसे बड़ा गुरिल्ला बल रहा है। इस बल ने आधी सदी से अधिक समय तक युद्ध लड़ा है। 2016 के शांति समझौते के बाद उसने अपनी गतिविधियां रोक दी थीं। मगर यह समझौता हिंसा को खत्म करने में विफल रहा। ईएलएन ने हाल के दिनों में दुनिया के सबसे बड़े कोकीन उत्पादक देश के सबसे बड़े ड्रग कार्टेल गल्फ क्लान के साथ भी संघर्ष किया है।

## चुनाव कराने के लिए सरकार की ओर से तय समयसीमा का पालन किया जाएगा: बांग्लादेश निर्वाचन आयोग

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने कहा कि अंतरिम सरकार की ओर से तय समयसीमा के भीतर ही आम चुनाव कराए जायेंगे। साथ ही आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए आवश्यक तकनीकी उपकरण सौंपे गए। चुनाव आयोग को यूएनडीपी से डेटा संग्रह के लिए 175 लैपटॉप, 200 स्कैनर और 4,300 बैग मिले हैं। सीईसी ने एक समाचार पोर्टल के हवाले से कहा, हम मुख्य सलाहकार की ओर से घोषित समय-सीमा पर ध्यान केंद्रित करके उस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले महीने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा था कि देश में अगला आम चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में हो सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा था कि चुनाव का समय काफी हद तक राजनीतिक आम सहमति और उससे पहले किए जाने वाले सुधारों की सीमा पर निर्भर करेगा। हालांकि निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन करने में छह महीने का समय लगेगा।

## हमास ने छोड़े तीन बंधक तो इस्राइल ने जेल से रिहा किए 90 फलस्तीनी कैदी

एजेंसी

रामल्लाह। इस्राइल-हमास के बीच हुआ युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद लोगों में खुशी का आलम है। एक ओर हमास ने तीन इस्राइली बंधकों को छोड़ा, तो वहीं इस्राइल ने 90 फलस्तीनियों को रिहा किया। इस्राइल के रामल्लाह स्थित ओफर जेल से फलस्तीनी कैदी रिहा किए गए। इसमें फलस्तीन के प्रमुख संगठन की कार्यकर्ता, महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। फलस्तीनियों की रिहाई के वक्त जेल के बाहर बड़ी संख्या में फलस्तीनी जमा हुए। उन्होंने जेल से रिहा होने वाले फलस्तीनियों का स्वागत किया। साथ ही उनको सफेद बसों से ले जाते वक्त आतिशबाजी की। इस्राइल ने इन सभी को पत्थरबाजी और हत्या के प्रयास समेत सुरक्षा संबंधी अपराधों के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि फलस्तीनी कैदियों ने रिहाई में देरी के लिए इस्राइल की आलोचना की। कैदियों ने कहा कि इस्राइल ने उसके जश्न को जान बूझकर कम करने का प्रयास बताया।



हालांकि इस्राइली सेना ने सार्वजनिक जश्न मनाने के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की थी।

इस्राइल ने जिन फलस्तीनियों को रिहा किया है, उसमें कई फलस्तीनी हस्तियां शामिल हैं। इसमें प्रमुख फलस्तीन वामपंथी समूह पॉपुलर फ्रंट फॉर लिबरेशन ऑफ फलस्तीन की प्रमुख 62 वर्षीय खालिदा जर्रारा शामिल हैं। उनको दिसंबर 2023 में हिरासत में लिया गया था। इसके अलाव हमास अधिकारी सालेह अरोरी की बहन दलाल खासीब, नेता अहमद सआदत की पत्नी अबला अब्देल रसूल शामिल हैं। बता दें कि 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू इस्राइल-हमास युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई। वहीं लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। इस संघर्ष के दौरान मिस्र, कतर, अमेरिका जैसे कई देशों ने दोनों देशों के बीच स्थिति समान्य करने का प्रयास किया। आखिरकार इस्राइल ने 15 जनवरी को युद्ध विराम समझौता और बंधको की रिहाई पर सहमति जताई। गौरतलब है कि इससे पहले, नवंबर 2023 में एक सप्ताह के युद्ध विराम के दौरान भी 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था।

इसके अलावा, इस्राइल रक्षा बल के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने बताया कि यह तीन महिलाएं हमास की कैद से 471 दिनों के बाद वापस लौटी हैं और उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी गई।

# दिल्ली में भाजपा की स्थिति मजबूत, पार्टी बनाएगी सरकार : मनोज तिवारी




**नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी और केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की उम्मीद जताई। दोनों नेताओं ने रविवार को मीडिया ने बात करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की स्थिति मजबूत है।
सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा उठाए गए प्रश्नों को केजरीवाल सरकार 'हमले' के रूप में देखती है। जबकि, सवाल दिल्ली की जनता के हितों को लेकर उठाए गए हैं। अब हर दिल्लीवासी केजरीवाल सरकार पर सवाल उठाने में संकोच नहीं करेगा और इसे एक तरह से हमला माना जाएगा। उन्होंने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में बांग्लादेशी कनेक्शन जुड़ने से समाज में बढ़ती अराजकता का संकेत मिलता है। यह घटना बढ़ते अपराध और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का परिणाम है, जो सख्त कार्रवाई की आवश्यकता को दिखाती है। दिल्लीवासियों के लिए पीएम मोदी की गारंटी का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि दिल्ली के गरीब और जरूरतमंद लोगों को गैस सिलेंडर, बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था, अटल भोजन योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इन योजनाओं के चलते भाजपा को आगामी विधानसभा चुनावों में जीत मिलने की संभावना है। कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर कोर्ट के फैसले पर उन्होंने कहा कि कानून अपना रास्ता तय करेगा और उसे हर दृष्टि से स्वीकार किया जाना चाहिए। इस मामले में किसी प्रकार की हिंसा या असहमति को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय प्रक्रिया को पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चलने दिया जाना चाहिए। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि इस बार दिल्लीवासी भाजपा को समर्थन देने के लिए तैयार हैं ।

## महिलाओं की तरह छात्रों के लिए भी बस यात्रा मुफ्त करेंगे: संजय सिंह

**नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को आरके पुरम, मेहरौली और छतरपुर विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को भारी जन समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वह महिलाओं की तरह सभी छात्रों के लिए भी बस यात्रा मुफ्त करेंगे। साथ ही, हर महिला को 2100 रुपये प्रतिमाह मिलेगा और बुजुर्गों का सारा मुफ्त मुफ्त किया जाएगा। पहले सरकारी स्कूलों में मकड़ी के जाले लगे होते थे, लेकिन आज उन्हीं स्कूलों को अरविंद केजरीवाल ने शानदार बना दिया है। भाजपा कह रही है कि जो काम केजरीवाल कर रहे हैं, वहीं हम भी करेंगे। जब ओरिजनल मौजूद है तो डुप्लिकेट की क्या जरूरत है संजय सिंह ने कहा कि आपको 05 फरवरी को वोट डालने के लिए जाना है। आपको वोट की ताकत दिलाने और देश को आजाद कराने के लिए भारता माता के वीर सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी। शहीद-ए-आजम भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र ने अपनी कुबार्नी दी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने फांसी के फंदे को चूमा तब हमें आजादी और वोट का अधिकार मिला।

## गणतंत्र दिवस शिविर के एनसीसी कैडेट्स ने हॉर्स शो में दिखाए घुड़सवारी के करतब

**नई दिल्ली**
**दिल्ली कैंट के 61 कैव**लरी ग्राउंड में रविवार को गणतंत्र दिवस शिविर के एनसीसी कैडेट्स ने वार्षिक हॉर्स शो में हिस्सा लिया। लड़के और लड़कियों ने टेंट पेगिंग और शो जंपिंग के रोमांचक प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। इस वर्ष देश भर से 40 सीनियर डिवीजन और 20 सीनियर विंग कैडेटों ने घुड़सवारी प्रतियोगिता में भाग लिया। घुड़सवारी में अंडर ऑफिसर अंश कर्णवत (राजस्थान निदेशालय) और जूनियर अंडर ऑफिसर वड्लमुडी लोकेश (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना निदेशालय) को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ राइडर घोषित किया गया। इसी तरह लड़कियों में सार्जेंट भूमिका कंवर (दिल्ली निदेशालय) को सर्वश्रेष्ठ राइडर रहीं। अंडर ऑफिसर स्वर्णिका राठौर (राजस्थान निदेशालय) सर्वश्रेष्ठ राइडर रनर अप रहीं। सीनियर अंडर ऑफिसर हर्षित सिंह (उत्तर प्रदेश निदेशालय) को डॉ रूप ज्योति शर्मा ट्रॉफी दी गई। सार्जेंट वतनदीप सिंह (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय) को डीजी आरवीएस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कैडेट्स को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि घुड़सवारी का प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स को रोमांचकारी रोमांच का अनुभव कराता है, जिससे उन्हें अनुशासन, धैर्य और सहनशीलता जैसी महत्वपूर्ण विशेषताओं का निर्माण करने में मदद मिलती है।

# कर्ज न चुकाने पर मकान मालिक ने किरायेदार को मारी गोली, कुएं में फेंक दी लाश, हत्थे चढ़ा आरोपी




**नई दिल्ली**
**आउटर नॉर्थ दिल्ली में** कर्ज न चुका पाने पर अपने किरायेदार की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने वाले मकान मालिक को शनिवार (18 जनवरी) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने इस मामले को लेकर बताया कि 17 जनवरी को अलीपुर इलाके में एक तालाब में एक शव मिला था, जिसकी पहचान बाद में राकेश (29) के रूप में हुई थी।
दिल्ली पुलिस अधिकारी के अनुसार, "पीड़ित के सिर पर गोली लगने का घाव था और पास की एक इमारत की छत पर खून के धब्बे पाए गए थे, जिसे आंशिक रूप से साफ किया गया था। साथ ही पुलिस को एक खाली गोली भी मिली थी।"
**एसआईटी कर रही थी मामले की जांच** : दिल्ली पुलिस ने बताया कि जांच से पता चला है कि राकेश को छत पर गोली मारी गई और उसके शव को तालाब में फेंक दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए तुरंत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।
**मां के बयान पर मकान मालिक गिरफ्तार** : पीड़ित की मां भगवती देवी ने पुलिस को बताया कि राकेश उस दिन अपने मकान मालिक के बेटे गोविंद बल्लभ के साथ घर से निकला था। अधिकारी ने बताया कि दोनों के (किरायेदार और गोविंद) बीच चल रहे संपत्ति और वित्तीय विवाद का भी जिक्र हुआ था।
**इसलिए की किरायेदार की हत्या :**
इसके बाद पुलिस ने भवन के मालिक गोविंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गोविंद ने कबूल किया कि वित्तीय विवाद के चलते उसने राकेश की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि राकेश ने गोविंद से पांच लाख रुपये और एक मर्सिडीज कार लोन पर ली थी, लेकिन वादा किए गए पैसे नहीं दे पाया, जिसके कारण दोनों के बीच विवाद हुआ और अंततः गोविंद ने राकेश की हत्या कर दी। अब पुलिस इस मामले में आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

## आतिशी की क्राउडफंडिंग कैंपेन ने सिर्फ.एक सप्ताह में 40 लाख रुपये का टारगेट पूरा किया

**नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** आतिशी की क्राउडफंडिंग कैंपेन में ने सिर्फ. एक हफ्ते में 40 लाख का लक्ष्य पूरा कर लिया। 740 से ज्यादा लोगों ने इस मुहिम में योगदान दिया। जिससे मुख्यमंत्री आतिशी की साफ-सुथरी और ईमानदार राजनीति पर जनता का भरोसा साफ झलकता है। इस बाबत आतिशी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर आभार व्यक्त करते हुए लिखा, "सिर्फ एक हफ्ते में, 740 से ज्यादा लोगों ने 40 लाख जुटाने में मदद की। यह सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं है, बल्कि साफ-सुथरी और ईमानदार राजनीति पर जनता के विश्वास की जीत है।" क्राउड फंडिंग का लक्ष्य पूरा होने के बाद सीएम आतिशी ने आज कैंपेन को समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, "अब जब लक्ष्य पूरा हो गया है, मैं आधिकारिक रूप से #कैंपेन को बंद कर रही हूं। इस यात्रा में विश्वास जताने के लिए धन्यवाद। आपका समर्थन मुझे एक बेहतर दिल्ली के लिए काम करते रहने की प्रेरणा देती है।" आतिशी ने आगे कहा, "यह केवल आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने की बात नहीं है, बल्कि ईमानदारी और जवाबदेही के उन सिद्धांतों पर जनता के विश्वास की बात है, जिन पर आम आदमी पार्टी काम करती है।उन्होंने कहा कि, हर एक डोनर का समर्थन मेरे लिए बेहद खास है। आपका हर योगदान एक बेहतर दिल्ली के लिए आपका भरोसा दिखाता है।" यह क्राउडफंडिंग कैंपेन आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आतिशी के चुनाव अभियान का हिस्सा था। जुटाई गई राशि एक पारदर्शी और जनता-प्रेरित चुनाव अभियान चलाने में मदद करेगी। आतिशी ने कहा, "सिर्फ कुछ ही दिनों में लक्ष्य पूरा होना दिखाता है कि जनता की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को नई दिशा दे सकती है।

# दिल्ली में इंटरनेशनल डार्क वेब कार्टेल का खुलासा, 2 करोड़ का गांजा जब्त



**नई दिल्ली**
**ड्रग्स तस्करी के खिलाफ दिल्ली** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने इंटरनेशनल डार्क वेब कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 2 करोड़ रुपये की हाइड्रोपोनिक वीड यानी अमेरिकन गांजा को जब्त किया है। पार्सल में हाइड्रोपोनिक वीड की मात्रा 5 किलो 37 ग्राम थी। बता दें कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है। आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस ऑपरेशन कवच चलाकर अवैध शराब, ड्रग्स और हथियार की जब्ती कर रही है।अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक चेन आधारित गोपनीयता वाली संचार ऐप का इस्तेमाल कर ड्रग्स अमेरिका से मंगवाई जा रही थी। डार्क वेब पर लेनदेन क्रिप्टोकरेंसी के जरिए होता था। विदेशी पोस्ट ऑफिस में ड्रग्स पार्सल के पकड़े जाने पर रैकेट की जांच शुरू हुई। पार्सल में अमेरिका से आया हुआ दो करोड़ का हाइड्रोपोनिक वीडथा। पार्सल फर्जी पते पर भेजे गये थे। इंटरनेट कम्युनिकेशन और डाटा माइनिंग के विश्लेषण से पार्सल का पता चला। पुलिस ने छापा मार कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अब्दुल मालिक और मयंक नैय्यर हैं।
**आचार संहिता के बीच दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलताः**
पुलिस के मुताबिक मयंक डार्क वेब कार्टेल का सरगना है। रैकेट का सरगना मयंक नय्यर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके का रहने वाला है। उसने गुड़गांव के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से बीबीए की पढ़ाई की है। पुलिस के मुताबिक मयंक का परिवार कैंसर की दवा के एक्सपोर्ट बिजनेस से जुड़ा हुआ है। परिवार को कोविड के दौरान बिजनेस में काफी नुकसान हुआ था। मयंक नय्यर ने अमेरिका से हाइड्रोपोनिक वीड डार्क वेब के जरिए मंगवाना शुरू कर दिया। पुलिस ने फॉरेन पोस्ट ऑफिस में एक पार्सल को सीज किया। मयंक नय्यर ने डार्क वेब का इस्तेमाल बंद कर गोपनीयता वाले ऐप जैसे टेलीग्राम, सेशन की तरफ मुड़ गया।

# कार में जलकर 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में स्थित एक बैंकवेट हॉल के बाहर वैगन आर कार में जलकर 24 साल के युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान कर ली गई है। मृतक नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक मृतक की 14 फरवरी को शादी होने वाली थी। पूर्वी दिल्ली के डीसीपी अभिषेक ने रविवार शाम 6 बजे बताया कि शनिवार रात तकरीबन 23:03, 23:07 और 23:13 बजे तीन पीसीआर कॉल प्राप्त हुईं, जिसमें गाजीपुर के बैंक्वेट हॉल के पास कार में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसआई प्रदीप और एचसी जितेंद्र घटनास्थल पर पहुंचे। तुरंत दमकल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। आग को काबू कर जब दमकल कर्मचारी कार के अंदर गए तो एक युवक जली हालत में मिला। पुलिस टीम द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी ने बताया कि मृतक के भाइयों ने हत्या की शिकायत की है।
14 फरवरी को मृतक की होनी थी शादीः डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि मृतक एक लड़की से प्यार करता था, लेकिन उसके पिता ने उसकी शादी से इनकार कर दिया था। लड़की की शादी बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से हो रही रही थी। युवक वहां पहुंचा और ये घटना घटी। लोगों ने कार का शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह पूरी तरह जल चुका था। लड़की के पिता और मृतक का परिवार आपस में रिश्तेदार है। डीसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही यह सामने आ आएगा कि कार के अंदर युवक की मौत जलकर कैसे हुई। बता दें कि मृतक की शादी 14 फरवरी को होनी थी।

## अग्रवाल समाज का आप को समर्थन देने का ऐलान, अरविंद केजरीवाल ने दिया ये भरोसा

**नई दिल्ली**
दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच और मतदान से पहले अग्रवाल समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार (19 जनवरी 2025) को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल उनके आवास पर मिला। अरविंद केजरीवाल ने अग्रवाल समाज को भरोसा दिया कि दिल्ली आम आदमी पार्टी की सरकार चौथी बार बनी तो समाज के हितों का विशेष ख्याल रखा जाएगा। अग्रवाल समाज ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के दौरान के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लगभग 40 मिनट तक आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक चली। बैठक में तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल ने भरोसा दिलाया कि अगर उनकी सरकार फिर दिल्ली में बनी तो अग्रवाल समाज का विशेष ख्याल रखा जाएगा। मीडिया से बातचीत के दौरान अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हमें राजनीतिक पार्टी राजनीति से दूर रखती हैं। हमारा व्यापारी वर्ग और हमारा समाज हमेशा डर के साए में जीता है। केजरीवाल हमारे बीच के हैं। हमारे समाज के हैं। उन्होंने हमें भरोसा दिलाया है कि वह हमारे हितों का ध्यान रखेंगे।
हम लोगों को पूरी उम्मीद है कि वह अपने किए गए वादे को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। अग्रवाल समाज की मांग है कि व्यापारियों और समाज को दिल्ली उनके हित सुरक्षित रहें।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# भगोड़ा अपराधी दिल्ली क्राइम ब्रांच के कब्जे में



**आरोपी** आजादपुर क्लस्टर के दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झड़प से उपजे एक मामले में वांछित था।
गिरफ्तार आरोपी सूरज उर्फ मुकरा मुख्य अपराधी था जिसने पीड़ितों को चाकू मारा और गंभीर चोटें पहुंचाईं।वह दो महीने से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था।
प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झड़प और पिस्तौल, चाकू जैसे खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल होने के बाद दो मामले दर्ज किए गए हैं।
गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एनआर-2 क्राइम ब्रांच की टीम ने सूरज उर्फ मुकरा पुत्र राम नाथ 23 वर्ष निवासी एन-22/बी-109, कौशल पुरी, आजादपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया। वह पीएस अशोक विहार में हत्या के प्रयास के मामले (एफआईआर संख्या 462/24) में वांछित था और दो महीने से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। आरोपी मुख्य अपराधी था जिसने पीड़ितों को चाकू मारकर घायल कर दिया था।
घटनाः 1-2 नवंबर, 2024 की मध्यरात्रि को, अंकित चंगा और सूरज मुखरा की अध्यक्षता वाले आजादपुर क्लस्टर के दो स्थानीय गिरोहों के बीच झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए, एफआईआर संख्या 461/2024 के तहत एवं 462/2024 थाना अशोक विहार। झड़प इस बात को लेकर हुई कि किस गुट ने इलाके में अपना वर्चस्व स्थापित किया और दोनों पक्षों की ओर से पिस्तौल, चाकू और टूटी बोतलों जैसे खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल किया गया।
एक पक्ष से कमलेश यादव, पिंटू, हेमंत और अंकित उर्फ छंगा तथा दूसरे पक्ष से आशीष उर्फ बोना, विशाल उर्फ क्राइम और रोहित को छोड़कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन वर्तमान आरोपी सूरज उर्फ मुकरा बच रहा था। हुलिया और ठिकाना बदल कर गिरफ्तार करें.

## दलित विरोधी आआपा ने किया सबसे अधिक नुकसान: कांग्रेस



**नई दिल्ली**
कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चुप हैं और उसके 11 राज्यसभा सदस्यों में एक भी एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग से नहीं है। यह दिखाता है कि आआपा दलित विरोधी हैं। रविवार को कांग्रेस नेता उदित राज ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उदित राज ने कहा कि केजरीवाल ने हाल ही में पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा की, लेकिन 314 बुद्ध विहार हैं, करीब 150 वाल्मीकि और रविदासी मंदिर हैं। ढेर सारे चर्च भी हैं तो इनके लिए ऐसी घोषणा क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेता राज ने कहा कि आआपा ने आंबेडकर की फोटो लगा रखी है, लेकिन जब इनके ही नेता राजेंद्र पाल गौतम ने 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया था,
तो उनका इस्तीफा ले स्कॉलरशिप स्कीम के प्रचार में 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। विभागों में लाखों

## संगम विहार से एनसीपी प्रत्याशी ने 'आप' को घेरा, कब्रिस्तान में मुर्दा टैक्स लगाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दिल्ली की संगम विहार विधानसभा से कमर अहमद को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने संगम विहार से मौजूदा 'आप' विधायक कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही कब्रिस्तान में मुर्दा टैक्स लगाने की बात कही। संगम विहार विधानसभा से एनसीपी प्रत्याशी कमर अहमद ने डोर टू डोर कैंपेन किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को भारी जन समर्थन मिलने का दावा किया। साथ ही इस क्षेत्र में कोई विकास नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा, "राजनीति करना मेरा पेशा नहीं है, ना ही राजनीति से जुड़े किसी परिवार से आया हूं। मैं पत्रकारिता करते हुए और समाज की परेशानियों को समझते हुए राजनीति में आया हूं। एनसीपी ने संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में मुझे प्रत्याशी बनाया है। अजीत पवार और दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने मुझ पर विश्वास जताया है। जनता जिन परेशानियों को झेल रही है, उनके समाधान के लिए मैं यहां पर आया हूं।" एनसीपी प्रत्याशी ने मौजूदा आप विधायक दिनेश मोहनिया पर निशाना साधते हुए कहा, "संगम विहार विधानसभा में पानी पीने की व्यवस्था नहीं है। सीवर की सही व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल नहीं हैं। पर्याप्त रास्ता नहीं है। पिछले विधायक ने संगम विहार में 11 साल से कोई भी काम नहीं किया। मैं चैलेंज देता हूं कि यहां से एक आदमी बता दे कि विधायक ने क्या काम किया है?" कब्रिस्तान में मुर्दा टैक्स लगाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, "संगम विहार में एक कब्रिस्तान है, जहां पर आप विधायक ने मुर्दा टैक्स लगाया है। यहां पर जनाजे में आने वाले लोगों के लिए उन्होंने 10 रुपए की पर्ची का एक सिस्टम बना दिया है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिल्ली के बाजार और गलियों में बढ़ी चौकसी

**नई दिल्ली। राजधानी** दिल्ली में गणतंत्र दिवस को लेकर उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। महिंद्रा पार्क थाना प्रभारी लोकेश शर्मा और उनकी पुलिस टीम के साथ आर्मी के जवानों ने जहांगीरपुरी की तमाम सड़कों, गलियों, बाजारों और पार्किंग में खड़े वाहनों की आड़ में खड़े आवारा किस्म के लड़कों के अलावा शराबी और नशेड़ी लड़कों

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी